RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 47 ● भिलाई, मंगलवार 19 अगस्त 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में एक और हत्या से दहशत, 19 साल के छात्र को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली

**पटना।** पटना शहर एक और हत्याकांड से दहल उठा है। बिहार की राजधानी में एक 19 साल के छात्र की हत्या कर दी गई। छात्र की पहचान राज कृष्णा के रूप में हुई। पुलिस को घटनास्थल से कारतूस का खोखा बरामद हुआ है। साथ ही, जांच के लिए एफएसएल टीम बुलाई गई है। जानकारी सामने आई कि सुबह लगभग 19 वर्षीय छात्र राज कृष्णा को एक गोली लगी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पटना पुलिस ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने युवक को गोली मारकर घायल किया था। पटना पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, 17 अगस्त की सुबह में गर्दनीबाग थाना अंतर्गत सरिस्ताबाद मोड के पास अज्ञात अपराधियों की ओर से एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने की सूचना मिली थी।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**जौनपुर।** जिले के लाइनबाजार थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बेलवा रामसागर गांव के मोड़ पर रात को एक बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। बताते है कि बेलवा रामसागर गांव निवासी 22 वर्षीय शुभम अपनी बाइक पर 24 वर्षीय जय गौतम और दीपक गौतम के साथ कुडवां तिराहे से घर लौट रहे थे। गांव में जन्माष्टमी की पूजा चल रही थी।शुभम,जय सिंह तथा दीपक तीनो प्रसाद के लिए मिठाई लेने चले गए।लौटते समय गांव के गेट के पास एक ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक चार पहिया वाहन की लाइट से बाइक चला रहे शुभम की आंखें चौंधिया गईं। शुभम बाइक को संभाल नहीं पाया और खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। हादसे में तीनों युवक गिर गए। शुभम और जय गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने शुभम और जय को मृत घोषित कर दिया।

### नर्मदा नदी में तैरती मिली दो लाशें, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** मध्य प्रदेश के नर्मदा नदी में तैरती हुई दो लाश मिली। जिसके देख लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवा दिया है। यह हत्या है आत्महत्या, फिलहाल इसका कारण अज्ञात है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तमाम पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हरदा जिले के हंडिया क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया। जहां नर्मदा नदी में दो लाशें तैरती हुई दिखाई दी। जिन्हें देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को नदी से बाहर निकाला।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एकजुट हुआ एनडीए

## सीपी राधाकृष्णन को नीतीश ले लेकर नायडू तक का समर्थन....

नई दिल्ली/ एजेंसी

एनडीए ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया, जिन्हें नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू सहित प्रमुख सहयोगियों का पूर्ण समर्थन मिला है। जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए का उम्मीदवार नामित करने के फैसले का स्वागत किया है। कुमार ने कहा कि जेडी(यू) इस चुनाव में राधाकृष्णन का समर्थन करेगा। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर एनडीए उम्मीदवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए के उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के निर्णय का स्वागत है। जदयू सी ?पी ? राधाकृष्णन जी का समर्थन करेगा। उन्हें शुभकामनाएं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने का स्वागत किया है। एनडीए के एक घटक दल, तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राधाकृष्णन एक वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने ईमानदारी और जनसेवा के मूल्यों को निरंतर कायम रखा है। उन्होंने कहा कि उनका लंबा राजनीतिक जीवन राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। रविवार रात एक्स पर एक पोस्ट में नायडू ने कहा कि एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में राधाकृष्णन को नामित किए जाने पर बधाई। एक वरिष्ठ राजनेता और सम्मानित नेता के रूप में, उन्होंने लंबे समय तक देश की विशिष्ट सेवा की है। आंध्र के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उनकी पार्टी राधाकृष्णन के नामांकन का हार्दिक स्वागत करती है और अपना पूरा समर्थन देती है। इसी तरह, उप-मुख्यमंत्री कल्याण ने राधाकृष्णन की उम्मीदवारी पर बधाई दी। उन्होंने कोयंबटूर से दो बार सांसद, झारखंड के राज्यपाल और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में उनके सफ़र पर प्रकाश डाला, जो लोकतांत्रिक संस्थाओं को मज़बूत करने के प्रति समर्पण, नेतृत्व और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कल्याण ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार के रूप में राधाकृष्णन के प्रतिष्ठित नामांकन पर उन्हें हार्दिक बधाई। कल्याण ने कहा कि उनका विशाल अनुभव और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता उन्हें हमारे महान राष्ट्र के मूल्यों को बनाए रखने के लिए एक प्रेरणादायक विकल्प बनाती है। केंद्रीय मंत्री और लोजपा-आर के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) देश के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार आदरणीय सीपी राधाकृष्णन जी को पूर्ण समर्थन देती है। तमिलनाडु से आने वाले और ओबीसी समाज के सशक्त प्रतिनिधि के रूप में उनका चयन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का ऐतिहासिक उदाहरण है।



### पीएम मोदी से मिले राधाकृष्णन, एनडीए ने बनाया है उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी.......

उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी चुने जाने के बाद महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर पीएम मोदी से मुलाकात की। बता दें कि राधाकृष्णन चार दशकों से अधिक समय से राजनीतिक, सामाजिक और सांविधानिक जीवन में सक्रिय हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर तस्वीरें शेयर कर लिखा, राधाकृष्णन जी से मुलाकात कर उन्हें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनकी लंबी जनसेवा और विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने में मदद करेगी। ईश्वर करे कि वे उसी समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहें जो उन्होंने हमेशा दिखाया है। गौरतलब है कि कल भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी की मौजूदगी में हुई हुइ्ष की बैठक के बाद राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की थी। तमिलनाडु से आने वाले सीपी राधाकृष्णन लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं। जुलाई, 2024 में महाराष्ट्र के राज्यपाल बने राधाकृष्णन के खिलाफअभी विपक्ष ने अपने प्रत्याशी का एलान नहीं किया है। चुनाव के लिए मतदान आगामी 9 सितंबर को कराए जाएंगे।

सीएम ममता का बड़ा एलान

## अब रोजगार मिलने तक प्रवासी श्रमिकों को 5000 प्रतिमाह देगी

कोलकाता/ एजेंसी



प्रवासी श्रमिकों को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक या जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हर महीने पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाए जाने सीएम ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफमुखर हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है। भाजपा शासित राज्यों में लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार परेशान हैं। मंत्रिमंडल ने वापस लौटने और अपना जीवन नए सिरे से शुरू करने के इच्छुक प्रवासी श्रमिकों के पुनर्वास में मदद के लिए इस योजना को मंजूरी दे दी है। इससे पहले सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया था कि बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी कहकर जबरन बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल के प्रवासी मजदूरों को दूसरी जगहों पर सिर्फ उनकी भाषा की वजह से परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि जब वह इसका विरोध करती हैं, तो कुछ लोग उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की मांग करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार चुनाव आयोग का गलत इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) लाने की कोशिश की जा रही है, जिसे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के नाम पर लागू किया जा रहा है।

### वोट की चोरी नहीं,डकैती की जा रही है: तेजस्वी..

**सासाराम।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने आज एसआईआर के मामले को लेकर भाजपा एवं चुनाव आयोग पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि इसके जरिए वोट की चोरी नहीं, डकैती की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी रही है और बिहार से लोकतंत्र खत्म नहीं करने दिया जाएगा। 'इंडिया' गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत के मौके पर सासाराम में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

विपक्ष को ओम बिरला की चेतावनी

## सरकारी संपत्ति तोड़ने का अधिकार नहीं......

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नारेबाजी कर रहे विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को उनसे कहा कि वे जिस तीव्रता से नारे लगाते हैं, उसी तीव्रता से सवाल भी उठाएं। उन्होंने कहा कि इससे देश के लोगों को कुछ लाभ होगा। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सांसदों से कहते सुने जा सकते हैं कि जिस ज़ोर से आप नारे लगा रहे हैं, उसी ज़ोर से सवाल भी पूछेंगे तो देश की जनता का भला होगा। जनता ने आपको सरकारी



संपत्ति नष्ट करने के लिए नहीं भेजा है और मैं आपसे अनुरोध करता हूँ और आपको चेतावनी देता हूँ कि किसी भी सदस्य को सरकारी संपत्ति नष्ट करने का विशेषाधिकार नहीं है।

नहीं मिटने देंगे पहचान

## राहुल गांधी बोले-वोट चोरी का नया हथियार है एसआईआर.......

नई दिल्ली/एजेंसी

बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एसआईआर पर उठे सभी सवालों का जवाब दिया। लेकिन इसके बाद भी राहुल गांधी लगातार एसआईआर के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को वोट चोरी का नया हथियार करार दिया और कहा कि वह 'एक व्यक्ति, एक वोट' के



अधिकार की रक्षा के लिए खड़े हैं। राहुल गांधी ने अपनी वोटर अधिकार यात्रा के दूसरे दिन यह भी कहा कि लोकतंत्र में सबकी भागीदारी को किसी भी हाल में खत्म नहीं होने दिया जाएगा। राहुल गांधी ने दूसरे दिन की यात्रा औरंगाबाद के कुटुंबा से शुरू की और आज की यात्रा का समापन गया में होगा। कुटुंबा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार का विधानसभा क्षेत्र है।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ इस यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी और महागठबंधन के कई अन्य नेता शामिल हैं। यात्रा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने औरंगाबाद स्थित प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में दर्शन किए। राहुल गांधी ने ऐसे कई लोगों से मुलाकात की एक तस्वीर अपने व्हाट्सएप चैनल पर साझा की जिनके नाम एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए।

### पत्नी का कत्ल कर खुद थाने पहुंचा पति, बोला- 'उसे मार दिया है, मुझे गिरफ्तार करो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या करने के बाद खुद पुलिस थाने जाकर सरेंडर कर दिया। आरोपी ने थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों से कहा, मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है, मुझे गिरफ्तार कर लो। इस कबूलनामे से पुलिस भी हैरान रह गई। यह घटना उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके की एक झुग्गी बस्ती की है। पुलिस के अनुसार, आज (रविवार) एक व्यक्ति थाने पहुंचा और उसने अपनी 24 वर्षीय पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। पहले तो पुलिस को उसकी बातों पर यकीन नहीं हुआ।

सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी पर अखिलेश

## राजनाथ वरिष्ठ नेता,बातचीत की जरूरत होगी तो करेंगे...

नई दिल्ली। एजेंसी

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति का पद खाली है। पहले जो उपराष्ट्रपति थे, वो अब कहां हैं? एक नया उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। यह एक अच्छी बात है। हम क्या फैसला लेंगे, यह अलग बात है। हम बैठकर तय करेंगे। उन्होंने कहा, राजनाथ सिंह एक वरिष्ठ नेता हैं। वह उत्तर प्रदेश से हैं। वह रक्षा मंत्री हैं। अगर वह




बात करेंगे, हम बात करेंगे और अगर बातचीत की जरूरत होगी, तो हम बात करेंगे। लेकिन हमारी राजनीतिक लाइन स्पष्ट है। अब इंडिया ब्लॉक को फैसला करना है। चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, वह जानबूझकर पिछड़ी जातियों के वोट काटता है और मीडिया के जरिए यह दिखाया जाता है कि उन्हें पिछड़ों का समर्थन मिल रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि उनके वोट ही काटे जा रहे हैं। हमारी सिर्फ इतनी मांग है कि अगर किसी जिलाधिकारी (डीएम) को सस्पेंड कर दिया जाए, तो पूरे देश में एक भी वोट नहीं कटेगा। उन्होंने आगे कहा, 2017 के चुनाव में चुनाव आयोग ने कई अधिकारियों को हटाया था। लेकिन 2019, 2022 और 2024 में एक भी अधिकारी नहीं हटाया गया। समाजवादी पार्टी की सरकार में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और गृह सचिव तक बदले गए थे।

एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा-कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

## लोकसभा में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा....

नई दिल्ली/ एजेंसी

विपक्षी सदस्यों के बार-बार व्यवधान के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन पर निर्धारित विशेष चर्चा भी बाधित रही। भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 पारित होने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इस साल 30 जून तक नियामक और भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण 5,706 उड़ानें रद्द की गईं। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। संसद ने सोमवार को बंदरगाह क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में बंदरगाह क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने में इस प्रस्तावित कानून की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा और मंत्री सोनोवाल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि कुल 56.04 करोड़ प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में से 23 प्रतिशत निष्क्रिय हैं। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 31



जुलाई 2025 के अंत तक 56.03 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में से 13.04 करोड़ खाते निष्क्रिय हैं। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर सोमवार को लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 2040 में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेगा। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे पुनः आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर विशेष चर्चा प्रारंभ कराई। विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री 2040 में चांद की सतह पर उतरेगा। उन्होंने कहा कि इससे 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सिद्धि होगी।उन्होंने इस दौरान शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कहते हुए बहुत पीड़ा महसूस हो रही है ।

### विशेष चर्चा से विपक्ष की दूरी, थरूर ने किया शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन का गुणगान

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन की प्रशंसा की और इसे मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की महत्वाकांक्षाओं का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया। थरूर का यह पोस्ट संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के जवाब में आया है, क्योंकि सरकार ने शुक्ला के अंतरिक्ष प्रवास के उपलक्ष्य में लोकसभा में 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर एक विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा है। हालाँकि, विपक्ष ने विशेष चर्चा में भाग न लेने का फैसला किया है ।

CMYK

# डी ए वी बेमेतरा विद्यालय के चार छात्रों ने नासा खगोल विज्ञान में शीर्ष स्थान प्राप्त किया

## एस्ट्रोनॉमी व स्पेश कोर्स, नासा कूपन सहित छात्र को सेटेलाइट उपग्रह तक मिली उपलब्धि

**बेमेतरा।** डी ए वी एम पी एस जांता बेमेतरा विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि विद्यालय के चार प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासो) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, एवं द्वितीय चरण परीक्षा में 50 छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से हमारे विद्यालय के चार छात्रों ने अपने अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल विज्ञान के उत्कृष्ट ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। नासो एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, जिसका उद्देश्य देश के छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान और वैमानिकी के प्रति रुचि जागृत करना तथा उन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित करना है। यह संगठन समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता हैं। नासो इसकी प्रमुख प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें देशभर के हजारों छात्र भाग लेते हैं। इस ओलंपियाड का लक्ष्य छात्रों के वैज्ञानिक


Tileshwar verma


Bhavesh Ray


Piyush Patel


Raghvendra Chandrakar

दृष्टिकोण, तार्किक सोच और अंतरिक्ष संबंधी ज्ञान को परखना और विकसित करना है। विजेता छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र इस प्रकार हैं, तिलेश्वर वर्मा (कक्षा 3) – नासो फ्री कूपन, मेरिट प्रमाणपत्र एवं स्वर्ण पदक, भावेश राय (कक्षा 3) एवं पियूष पटेल (कक्षा 5) – खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष का ऑनलाइन कोर्स, मेरिट प्रमाणपत्र एवं स्वर्ण पदक, राघवेंद्र (कक्षा 9)– छात्र उपग्रह परियोजना में अवसर एवं मेरिट प्रमाणपत्र एवं अन्य छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। डी ए वी विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और क्षेत्रीय अधिकारी व छतीसगढ़ डी ए वी संस्थान प्रमुख प्रशांत कुमार जी एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ बी पी साहू जी के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को दिया। दोनों अधिकारियों ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ क्षेत्र और विद्यालय दोनों के लिए गौरव का विषय हैं। इन विजेताओं को जल्द ही विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को भी दर्शाती है। विद्यालय के प्रचार्य पी एल जायसवाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी कि वे ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करें और अंतरिक्ष की अदभुत दुनिया को जानने का प्रयास करे। कक्षा 3हस्र तिलेश्वर वर्मा पेंड्री गोल्ड मैडल,स्टेट रेंक 11 नेशनल रेंक 59 के साथ 50 नम्बर में 47 अंक हाशिल किए, नासा फ्री कूपन, कक्षा तिसरी भावेश राय दमाईडीह गोल्ड मैडल,स्टेट रेंक 09, नेशनल रेंक 27 के साथ 50 नम्बर में 46 अंक हाशिल किए। एस्ट्रोनॉमी कोर्ष एवं स्पेश कोष फ्री, कक्षा पांचवी पियुष पटेल मोहतरा, गोल्ड मैडल स्टेट रेंक 13 नेशनल रेंक 45 के साथ 50 नम्बर में 43 अंक हाशिल किए। एस्ट्रोनॉमी कोर्ष एवं स्पेश कोर्स फ्री, कक्षा नौवी राघवेंद्र चन्द्राकर सूखाताल गोल्ड मैडल स्टेट रेंक 16 नेशनल रेंक 73 के साथ नासा फ्री कूपन 50 नम्बर में 42 अंक के साथ छात्र को अंतरिक्ष मे सेटेलाईट भेजने का मौका मिलेगा।

# जिला कांग्रेस कमेटी भवन सहित अन्य स्थानों पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया ध्वजारोहण

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने कार्यालय बेमेतरा शहर के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया साथ ही साथ जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में भी उन्होंने ध्वजारोहण किया। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा विगत वर्षो की भांति बाजार पारा स्थित चौक में ध्वज फहराया एवं गांधी मैदान में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि इतनी कुर्बानियों के बाद देश आजाद हुआ है, और इस आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना है देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को आजाद करने के पश्चात इस देश में लोकतंत्र की स्थापना की है जिससे भारतवासी अपने देश के सत्ता शासन को चुन सके, किंतु जो देश में हो रहा है वह किसी से छिपा नहीं है ऐसे में हम सभी का दायित्व हो जाता है कि देश की रक्षा के लिए



अपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहें और अपने दायित्व से पीछे ना हटे ध्वजारोहण में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा पूर्व संसदीय सचिव गुरु दयाल बंजारे के साथ ललित विश्वकर्मा सुमन गोस्वामी लुकेश वर्मा सुरेंद्र तिवारी अवनीश राघव टी आर जनार्दन दिनेश पटेल प्राणिश चौबे सुनील नामदेव कविता साहू रवि परगनिहा माधुरी परगनिया हरीश साहू शशि प्रभा गायकवाड मिथिलेश वर्मा दिनेश पटेल मनोज शर्मा झम्मन बघेल नंद साहू विजय पारख मोनल सिन्हा सुमित राजपूत राजू साहू अजय राज सेन सहित सभी प्रकोष्ठ के कांग्रेस जनो ने भी ध्वजारोहण में शामिल होकर तिरंगे झंडे को सम्मान दिया।

# प्राथमिक शाला डंगनिया में मना स्वतंत्रता दिवस



**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला डंगनिया में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। ध्वजारोहण संस्था प्रधान आरके घोरमोड़े द्वारा किया गया। तत्पश्चात बैंड और बिगुल के साथ स्कूली बच्चों, पालकों और स्वच्छता दीदियों ने प्रभात फेरी निकाल ग्राम डंगनिया के विभिन्न चौक चौराहों पर ध्वजारोहण में हिस्सा लिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर भाषण, देशभक्ति गीत, कविता एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की। समारोह में उपसरपंच अनिल वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूजा वर्मा, उपाध्यक्ष तुलेश्वर साहू, शिक्षाविद हेमनाथ कश्यप, सुनीता कश्यप, सहित पंच गण लक्ष्मी निषाद, अनिता ठाकुर, हेमलता वर्मा, उदासा यादव, शिक्षिका वीणा साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# डुंडेरा में यादव समाज ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू हुए शामिल

**उतई।** डुंडेरा में ग्रामीण यादव समाज के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर समाज द्वारा ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई और श्रीराधा कृष्ण के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता यादव समाज के अध्यक्ष मोहन यादव, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गायत्री यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन



तरुण बंजारे, पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर, पवन बंजारे, राजेन्द्र यादव थे। मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द्र की भावना बढ़ती है और लोग अपने सांस्कृतिक विरासत से जुड़ पाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उनकी शिक्षाएं हमें सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में राजेन्द्र यादव ने डुंडेरा में राधाकृष्ण की भव्य मंदिर निर्माण के लिए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया। इस दौरान यादव समाज द्वारा पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में मोहन यादव, गायत्री यादव, टीलेश्वरी यादव, छन्नू यादव, शत्रुहन यादव, शीतल, मुन्ना, बिशहत यादव, इंद्रमणि, तोमेश्वरी यादव, प्रतिमा, पदमा, धर्मिन, केशरी, प्रीति यादव, रवि, पोषण, सागर, राहुल, हेमंत, सिद्धार्थ, मोनीष, चन्दन, केसर, सुरेश, प्रकाश, मोनू, मनु यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जुआ, सट्टा और अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्रवाई

**दल्लीराजहरा।** जुंआ, सटटा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी दल्लीराजहरा निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय द्वारा राजहरा क्षेत्रांर्गत जुआ, सटटा, शराब के विरूध्द लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत एक प्रकरण आबकारी एक्ट तथा एक प्रकरण सटटा की कार्यवाही की गयी है। मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सब्जी मंडी चिखलाकसा में बने चबुतरा में बैठ कर सटटा पटटी लिख रहा है। इस सूचना पर हमराह स्टाफ द्वारा रेड कार्यवाही कर एक व्यक्ति को सटटा पटटी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम बबला खापर्डे पिता 47 वर्ष वार्ड क्र0 24 राजहरा का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से सटटा विभिन्न अंको सामने 8100 रूपये लिखा हुआ सटटा पटटी मिला तथा नगदी रकम 500, 200, 100, 50 रूपये की कुल 8100 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। एक अन्य प्रकरण में सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक स्कूटी से देशी शराब भट्टी की ओर से अधिक मात्रा में शराब लेकर वार्ड क्र0 13 की ओर आ रहा है कि आरोपीयों को आईटीआई के पास घेरा बंदी कर पकडा गया जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम विजय बख्शी पिता उम्र 39 वर्ष, चुम्मन लाल कोसरे उम्र 33 वर्ष वार्ड 27 इंदिरा नगर राजहरा का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक्टीवा सीजी 24 यू 9625 की डिक्की में रखे कुल 40 पौवा देशी प्लेन शोले शराब जुमला 7.200 बल्कलीटर कीमती 3200 रूपये . एक मोटर सायकल एक्टीवा स्कूटी क्रमांक सीजी 24 यू 9625 कीमती 40000 रूपये जुमला 43200 रूपये को जप्त किया गया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**बेमेतरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष धार्मिक समारोह में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया। इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्मकथा तथा नंदोत्सव पर बालिकाओं ने संगीतात्मक नृत्य के साथ राधे कृष्ण की चैतन्य झांकी झूले में सजाई गई तथा सभी ने चैतन्य राधे कृष्ण को झूला झुलाया।



इस मौके पर ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वे परमपिता परमात्मा शिव से सहज राजयोग की शिक्षा प्राप्त की एवं ईश्वरीय शक्ति से सम्पन्न हुए। तभी से सभी लोग उनका पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ गुणगान करने लगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में मनुष्य ही दैवी गुण धारण करने के बाद देवता कहलाते है और आसुरी लक्षण के कारण साधारण मनुष्य कहलाते है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व निर्विवाद रूप से एक अत्यंत अध्यात्मिक था। वे जन्म से ही महान थे महान दिव्य पुरुष, श्री कृष्ण का आगमन बहुत जल्द ही होगा। साथ ही सुख-शांति की बांसुरी बजेगी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया। शशि दीदी ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के आध्यात्मिक रहस्य को राजयोग शिविर के माध्यम से बताया जायेगा, रेस्ट हॉउस चौक स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में रविवार से मंगलवार तक तीन दिवसीय राजयोग शिविर का निःशुल्क आयोजन किया जाएगा।

# वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न




**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या विद्यालय बेमेतरा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम चरण में विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे एवं सहायक संचालक एस के कोसले जी के विशेष आतिथ्य व प्राचार्य कविता बाचपेयी की अध्यक्षता में हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागी छात्राओं को प्रेरित करते हुए यातायात के नियमों की जानकारी व पालन को अति आवश्यक बताया। सहायक संचालक कोसले ने भी अपने प्रेरक उदबोधन से छात्राओं को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में पक्ष में दीक्षा दुबे कक्षा 10वीं प्रथम आभा साहू कक्षा 9वीं द्वितीय रही विपक्ष में देवांशी साहू 12वीं कला प्रथम, हनिशा वर्मा 12वीं कला द्वितीय व डिकेश्वरी वर्मा 12वीं कला तृतीय रही। प्राचार्य मैडम ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामना दी। प्रतियोगिता के निर्णायक डी आर साहू, सपना तिवारी, ऋचा मिश्रा रही। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र वर्मा व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर सी ए सी पूनम साहू, दिनेश शर्मा, रामेश्वर बंजारे, संतोष मिश्रा, हिरेंद्र साहू, प्रमोद ठाकुर, ऋचा दुबे नरेन्द्र देवांगन, कौशल वर्मा, रेमन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# झंडा चौक में शान से लहराया स्वतंत्रता का तिरंगा नगर पंचायत व जनपद पंचायत में हुआ झंडारोहण

## शासकीय कार्यालयों में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन




**डोंगरगांव नगर।** नगर सहित अंचल में देश की आजादी की 79 वाँ वर्षगाँठ हर्षोल्लास संपादित हुआ। शासकीय कार्यालयों सहित राजनैतिक व सामाजिक भवनों के अलावा सार्वजानिक स्थलों में पारंपरिक तौर पर तिरंगा लहराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। नगर के झंडा चौक में नगर के वरिष्ठ नागरिक व पुर्व जिपंअध्यक्ष दिनेश गांधी द्वारा झंडारोहण किया गया। नगर के शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों की प्रभातफेरी झंडा चौक में पहुंचकर विसर्जित हुई। इस दरम्यान वरिष्ठ नागरिक दिनेश गांधी ने झंडारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उपरांत राष्ट्रगान की प्रस्तिति हुई। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल सहित नागरिक व अधिकारी कर्मचारी बड़ी तादाद में उपस्थित थे। जनपद पंचायत में जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता कपिल पडौती ने जपंउपाध्यक्ष मनीष साहू सहित समस्त सदस्यों की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर जया तिमेश साहू, हरिला देवेंद्र साहू एवं समस्त सदस्यों सहित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। नगर पंचायत में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर नागरिकों को आजादी की शुभकामनायें दी। इस मौके पर सीएमओ विनम्र जेमा सहित समस्त पार्षदगण, कर्मचारीगण सहित स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे।

### कांग्रेस भवन में झंडारोहण

*मेनरोड स्थित कांग्रेस भवन में विधायक दलेश्वर साहू की मौजूदगी में कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू ने ध्वजारोहण किया। कांग्रेसजनों ने राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। इस मौके पर मोहन अय्यर, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, संध्या साहू, डॉ नरेंद्र साहू, वीरेंद्र बोरकर, सतीश वैष्णव, रोशन यदु, प्रियंक जैन सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुखजन उपस्थित थे।*

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**बेमेतरा।** डी ए वी स्कूल जांता में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का दिव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय को फूलों, रंगीन झालरों और झंडियों से सजाया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि पालकगण रहे जो स्कूल के लिए गरिमामयी रही कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावकों व प्राचार्य के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के पूजाङ्अर्चना व आरती के साथ किया गया। जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कृष्ण का प्रिय वृक्ष कदम वृक्ष है, जिसे कदंब भी कहा जाता है। यह वृक्ष भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ा हुआ है और वृंदावन में उनकी लीलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। विद्यालय प्रांगण में भी उसी कदम के वृक्ष पर श्री कृष्ण के लिए झूला सजाया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं–किसी ने रासलीला का मंचन किया, तो किसी ने कृष्ण भक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों ने माखन चोर और ग्वाला के रूप में सजकर सबका मन मोह लिया। मटका फोड़ में सभी बच्चों ने



उत्साहपूर्वक भाग लिए। विशेष आकर्षण दही-हांडी प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जयकारों के बीच मटकी फोड़ी और इस प्रकार विद्यार्थियों के द्वारा श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का स्मरण कराया गया। प्राचार्य पी एल जायसवाल ने अपने उदबोधन में श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने तथा निस्वार्थ कर्म करने का संदेश दिया। इस उत्सव ने विद्यार्थियों को न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ा, बल्कि उनमें सहयोग, भाईचारे और आनंद की भावना भी जागृत की।अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक, ललित देवांगन, अखलेश पटेल, गोविंद साहू, अनिल चंद्रवंशी, राजा तंतुवाय, अभिषेक दुबे, विमल साहू, स्वप्निल शर्मा, कैलाश सिंह , संदीप साहू, एश्वर्य देशमुख, प्रवीण देवांगन, अमित साहू, अनिल चंद्रवंशी, आयुषि जैन,पूनम शर्मा, रितिका साहू, रेणुका पटेल, शोभा रानी साहू, साक्षी शर्मा, दीपिका वर्मा, ममता चंद्राकर, प्रीति यादव, लेखनी चंद्राकर,अन्नू चंद्राकर, आर्यनिधि शर्मा,भारती बंजारे, गौरी यादव ,सुखदेव, युवराज, विजय,नरेश, रुक्मिणी, रामेश्वरी सहित छात्र- छात्राएँ शामिल रहे।

# एकमुश्त चावल योजना में बोड़ला के सराईपटेरा में बड़ा घोटाला



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के प्रावधानों के तहत गरीब और वनवासी परिवारों को राहत पहुंचाने के उददेश्य से आदेश जारी किया था कि जून, जुलाई और अगस्त – तीन माह का चावल एकमुश्त वितरण किया जाएगा। उददेश्य था कि वनांचल और दुर्गम इलाकों में रहने वाले परिवारों को बार-बार राशन दुकान के चक्कर न लगाने पड़ें और किसी तरह की खाद्य असुरक्षा न बने। लेकिन कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत सराईपटेरा में इस योजना की सच्चाई सामने आते ही भ्रष्टाचार और लापरवाही का खेल उजागर हो गया है।

### पीओएस मशीन में 3 माह का चावल, हक में मिला सिर्फ 2 माह

ग्रामीणों ने बताया कि राशन विक्रेता ने पोस मशीन में जून, जुलाई और अगस्त – तीन माह का वितरण दर्ज कराकर कार्डधारियों से अंगूठा (थम) लगवा लिया। जबकि वास्तविकता में सिर्फ दो माह का ही चावल दिया गया। अब अगस्त माह का चावल अलग से आबंटित कर बांटा जा रहा है, जिससे यह साफ हो गया कि एकमुश्त योजना सिर्फ कागजों और मशीन में लागू की गई थी।

### वनवासियों से दोहरी ठगी

सराईपटेरा जैसे वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोग पूरी तरह सरकार की राशन योजना पर निर्भर हैं। ऐसे में योजना का पूरा लाभ न मिलना सीधा गरीबों के हक पर डाका डालने जैसा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें तीन माह का चावल कभी एकमुश्त नहीं मिला, हर बार कटौती कर दो–दो माह का राशन थमा दिया गया और रिकॉर्ड में सबकुछ पूरा वितरण दिखा दिया गया।

### विक्रेता की सफाई : निरीक्षक को बताया

जब ग्रामीणों ने विरोध जताया तो विक्रेता ने सफाई दी कि उसने पूरे मामले की जानकारी खाद्य निरीक्षक खेम चंद्राकर को दे दी थी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यदि निरीक्षक को जानकारी थी तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### नियमों का खुला उल्लंघन

खाद्य सुरक्षा अधिनियम और पीडीएस के नियम स्पष्ट कहते हैं कि लाभार्थियों को पूरा आवंटित खाद्यान्न देना अनिवार्य है, मशीन में गलत प्रविष्टि कराना धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। इस तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस तत्काल निलंबित/निरस्त किया जा सकता है। संबंधित अधिकारी पर भी समान रूप से जवाबदेही और विभागीय कार्रवाई का प्रावधान है।

### जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई

स्थानीय ग्रामीणों ने पायनियर संवाददाता से कहा कि हम लोग सरकार के भरोसे हैं, लेकिन दुकान में पूरा राशन नहीं मिलता। पोस मशीन में अंगूठा लगवाकर कागजों में तीन माह का चावल दिखा दिया गया। हमको तो दो माह का ही मिला। ऐसे में जांच होनी चाहिए और दोषी विक्रेता व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

### सिस्टम पर जिम्मेदारी किसकी

क्या जिला खाद्य अधिकारी और निरीक्षक ने एकमुश्त वितरण का निरीक्षण किया था? पीओएस मशीन की प्रविष्टि और वास्तविक वितरण में अंतर क्यों नहीं पकड़ा गया? गरीब और वनवासी परिवारों को उनके हक से वंचित करने का जिम्मेदार कौन है विक्रेता या खाद्य विभाग के अफसर? यह पूरा मामला वनवासियों से जुड़ा है, जहां सरकारी योजनाएं ही जीवन रेखा होती हैं। ऐसे में यदि महत्वाकांक्षी योजनाएं कागजों में पूरी और जमीनी स्तर पर अधूरी रह जाएं, तो यह सीधे–सीधे शासन की नीयत और व्यवस्था पर सवाल उठाता है।

# दल्लीराजहरा थाने में पदस्थ एएसआई ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा थाने में पदस्थ एएसआई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि घटना 16 अगस्त की सुबह करीबन 7:30 के आस पास की है। एएसआई ने पुलिस स्टॉफ के लिए बनाए गए बैरक में फंदे से लटका हुआ मिला पुलिसकर्मीयों की नजर इस ओर गई तो उन्हें नीचे उतारकर शहीद अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक एएसआई हीरामन मंडावी का लगभग 10 महीने पहले अर्जुन्दा थाना से दल्ली राजहरा थाना ट्रांसफर हुआ था । उनका परिवार दुर्ग जिले के बोरसी के निवासी हैं। पता चला है कि मंडावी लंबे समय से डिप्रेशन से जूझ रहे थे, डिप्रेशन के पीछे क्या वजह



थी इसके बारे में नगर में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है। शायद अत्यधिक डिप्रेशन के चलते उन्होंने यह कदम उठाया हो। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उनका पूरा परिवार दल्लीराजहरा पहुंच गया है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक की बॉडी परिवार वालों को सौंप दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक बदमाश प्रवृत्ति के युवक को अवैध चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दिनांक 15 अगस्त 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लाखेनगर चौक, बिजली ऑफिस के पास एक संदिग्ध युवक अवैध रूप से चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना गंभीर होने के कारण थाना पुरानी बस्ती की पुलिस तत्काल मौके पर रवाना हुई। मौके पर पुलिस को देखकर युवक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान देव सेन 19 वर्ष, निवासी लाखेनगर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक नग लोहे का अवैध चाकू बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### मादक पदार्थ चिट्टा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने मादक पदार्थ चिट्टा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 6.30 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत काशीराम नगर स्थित मुक्ति धाम के पास युवक अपने पास मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुये व्यक्तियों को चिन्हांकित कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अर्पित लाल मरकाम, मनीष राजपाल एवं नयन भाटिया निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनकी तलाशी लेने पर उनके पास हेरोईन (चिट्टा) रखा होना पाया गया।

### नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक वाहने चलाने वाले 134 वाहन चालकों पर कार्यवाही

**रायपुर।** रायपुर की मंदिर हसौद पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के दिन नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए धमाचौकड़ी करने तथा स्टंटबाजी करने वाले 128 दोपहिया वाहन एवं 06 कार चालकों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाईकर्स गैंग द्वारा सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से बाईकर्स को नवा रायपुर की सड़कों पर स्टंट करने के लिए आमंत्रित करने वाले 9 बाईकर्स को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया है। वहीं रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बाईकर्स गैंग, ग्रुप बनाकर नवा रायपुर के सड़कों पर एकत्रित होकर उत्पात मचाने की आशंका पर डॉ. लाल उमेंद सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में डॉ. प्रशांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एवं श्री विवेक शुक्ला अतिरिक्त पुलिस।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

# संस्कृति और गौरव का होगा भव्य उत्सव-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- राज्य के हर वर्ग, हर समाज और हर उम्र के लोगों की सहभागिता होगी छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में -साय
- मुख्यमंत्री ने मुक्ताकाशी मंच से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का किया शुभारंभ ङ्क 15 अगस्त से अगले 25 सप्ताह तक पूरे प्रदेश में होगा आयोजन

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुक्ताकाशी मंच से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया। यह महोत्सव 15 अगस्त 2025 से शुरू होकर आगामी 6 फरवरी 2026 तक पूरे 25 सप्ताह तक पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास और जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह महोत्सव केवल शासकीय आयोजन न होकर हम सभी प्रदेशवासियों का महोत्सव है, जिसमें राज्य के हर वर्ग, हर समाज और हर उम्र के लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने जन सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि हम सब विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के सपने और दृढ़ संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे तो मंज़िल ज़रूर मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि अटल जी के प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ राज्य का गठन संभव हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है और अब लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के




निर्माण का है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रजत महोत्सव के दौरान प्रदेश के लोकप्रिय 'बस्तर ओलंपिक' और 'बस्तर पंडुम' जैसे पारंपरिक आयोजन भी होंगे, जो स्थानीय खेलों और लोक-संस्कृति को नई ऊर्जा देंगे। जनभागीदारी, सांस्कृतिक विरासत के सम्मान और विकास की भावना के साथ मनाया जाने वाला यह रजत महोत्सव राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य गठन से पहले किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता था। सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का आदर्श मॉडल विकसित किया, जिसके माध्यम से आज लाखों परिवार निःशुल्क खाद्यान्न का लाभ ले रहे हैं और कोई भी भूखा नहीं सोता। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ तक खरीदा जा रहा है। पिछले दो वर्षों में किसानों के खातों में एक लाख करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि सीधे स्थानांतरित की गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की स्थापना छत्तीसगढ़ में हुई। आर्थिक विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य की जीएसडीपी 21 हज़ार करोड़ रुपए से बढ़कर 5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है, जिसे अगले पाँच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि फार्मा, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल जैसे नये युग के उद्योगों में नई औद्योगिक नीति लागू करने के बाद अब तक 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आकर्षित किया गया है। महोत्सव के दौरान आगामी 25 सप्ताह तक राज्य के विभिन्न विभागों, सामाजिक, व्यावसायिक और सांस्कृतिक संगठनों की सहभागिता से विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने जनता से अपील की कि वे पूरे उत्साह के साथ इसमें शामिल हों। शुभारंभ कार्यक्रम में रजत महोत्सव विशेषांक पुस्तक का विमोचन, लोगो और वेब पोर्टल का अनावरण भी किया गया। संस्कृति विभाग के सचिव श्री रोहित यादव ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह अवसर हमारे इतिहास को दोबारा जीने और अपनी संस्कृति पर गर्व करने का है। उन्होंने विशेष रूप से इस महोत्सव में गरीबों, युवाओं, आम नागरिकों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने सभी विभागों को एक-एक सप्ताह का समय आबंटित किया है, जिसके दौरान विभागीय गतिविधियों का ग्राम स्तर तक आयोजन कर जनता को शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## विधायक अजय चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया........

**रायपुर।** धमतरी ज़िला मुख्यालय के एकलव्य खेल मैदान पर विधायक श्री अजय चंद्राकर ने 79 वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। शांति के प्रतीक के तौर पर आकाश में तीन रंगों के गुब्बारे छोड़े। इस मौके पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा पुलिस अधीक्षक श्री सूरजसिंह परिहार साथ थे। जिला स्तरीय समारोह में पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बलों, नगर सेना की टुकडियां, स्काउट-गाइड, एन.सी.सी., रेडक्रास की छात्राओं और स्काऊट्स गाइड ने परेड में हिस्सा लिया। वही स्थानीय निजी स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक बैंड की धुन के साथ मार्च पास्ट किया। समारोह का मुख्य आकर्षण का केंद्र अबूझमाड़ मलखंब एकेडमी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा। इन मलखंब कलाकारों ने ना केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बनाई है और आज स्वतंत्रता दिवस समारोह में मंच से दर्शकों को रोमांच और जोश से भरपूर अपने अद्वितीय करतबों से मंत्रमुग्ध किया। विशेष रूप से, इस समारोह में मलखंब के इंडिया गॉट टैलेंट सीजन 10 के विजेता भी शामिल हुए, जिन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और मार्च पास्ट में अच्छे प्रदर्शन करने वाली टीम को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने ज़िले के शहीदों के परिजनों को साल-श्रीफल से सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज़िला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों, प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया।

## यह सिर्फ पक्का मकान ही नहीं है,बुढ़ापे का सहारा भी है.......

- पक्का मकान से खुश है केराकछार की छेरकीन बाई

रायपुर/ संवाददाता

जंगलों के बीच कच्चे मकान में बसर कर रही छेरकीन बाई को लगता था कि एक दिन वे लोग भी पक्के मकान में निवास करेंगे। घर की गरीबी और परिस्थितियों ने ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया कि पक्का आवास का सपना महज सपना ही रह गया। वक्त के साथ छेरकीन बाई अकेली ही अपनी झोपड़ी में रह गई। बच्चे भी नहीं थे। बुढ़ापे में बाल पक गए, उम्मीदें टूट गई और इन टूटे हुए उम्मीदों के बीच उन्हें बारिश के दिनों समस्याओं से जूझना पड़ता था।



इस बीच प्रधनमंत्री आवास योजना में उनका नाम चयन होने के बाद जब पक्के मकान के लिए पहली किस्त मिली तो वृद्धा छेरकीन बाई ने अपने सगे संबंधियों की मदद से मकान तैयार करा लिया। अब जबकि बारिश का माहौल है, तब भी छेरकीन बाई को छत से पानी टपकने और खपरैल ठीक कराने की समस्याओं से दो चार होना नहीं पड़ता। कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत वनांचल ग्राम केराकछार की रहने वाली छेरकीन बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास में नाम आने के बाद उन्होंने अपने घर के पास रहने वाले अन्य रिश्तेदारों के साथ ही अपना भी मकान बनवा लिया है। बारिश की वजह से अभी प्लास्टर का काम शेष है। आने वाले दिनों में प्लास्टर का काम भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मकान बनकर तैयार है, और बारिश में वह इसी पक्के मकान में ही रह रही है। वृद्धा छेरकीन बाई ने बताया कि गरीबी की वजह से पक्का मकान बना पाना हमारे वश में नहीं था। घर में अकेली होने की वजह से कच्चे मकान में बारिश के दिनों में होने वाली परेशानियों से जूझना पड़ता था। वह तो पक्के मकान का उम्मीद छोड़ भी चुकी थी, लेकिन पीएम आवास में नाम आने के बाद उनकी टूटी हुई उम्मीद पूरी हो गई।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब मुख्यमंत्री हुए शामिल



- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जन्माष्टमी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ, निभाई दही-हांडी की परंपरा

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में आयोजित जन्माष्टमी उत्सव एवं दही-हांडी प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और भगवान श्रीकृष्ण से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतीकात्मक रूप से दही-हांडी तोड़कर उत्सव की परंपरा निभाई तथा राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों को मिठाई खिलाकर स्नेह प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम छत्तीसगढ़ जैसे पावन प्रदेश के निवासी हैं, जो भगवान श्रीराम का ननिहाल और माता कौशल्या का मायका है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से सनातन संस्कृति को और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बनाने हेतु निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार भोरमदेव मंदिर सहित प्रदेश के सभी प्रमुख शक्तिपीठों और तीर्थ स्थलों के समग्र विकास हेतु कार्य कर रही है। साथ ही, श्री रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को विभिन्न पावन स्थलों के दर्शन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस भव्य आयोजन के सफल संचालन हेतु आयोजक श्री बसंत अग्रवाल एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई दी।कार्यक्रम में विधायक श्री किरण देव एवं श्री पवन साय ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जन्माष्टमी के पावन पर्व की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंक राम वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, श्री राजीव लोचन महाराज, अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## स्किल डेव्हलपमेंट से जुड़कर जशपुर अंचल की बेटियां बन रही आत्मनिर्भर

- मुख्यमंत्री की पहल पर संचालित हो रहे रोजगारमूलक कई कोर्स

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्किल डेव्हलपमेंट के कई नवीनतम कोर्स संचालित किए जा रहे है। जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़ने की इच्छुक युवतियों को बिजनेस एवं टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यहां आनी वाली युवतियों को हॉस्टल, भोजन एवं लैपटॉप जैसी आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियाँ भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। कुनकुरी की कुमारी नेहा खाखा ने 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर फइनेंस



स्किल प्रोग्राम जॉइन किया। एक वर्ष के अध्ययन उपरांत आज वे इसी संस्थान में एसोसिएट टीचर के रूप में कार्यरत हैं और प्रतिमाह 15 हजार रुपए का वेतन प्राप्त कर रही हैं। वे कहती हैं कि नवगुरूकुल ने मेरी जिंदगी की दिशा बदल दी। यहाँ आकर मैंने एआई फीचर और गूगल शीट जैसे आधुनिक टूल्स को सीखा। आज मैं न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर हूँ बल्कि अन्य छात्राओं को पढ़ाकर उन्हें भी आगे बढ़ा रही हूँ। पत्थलगाँव की कुमारी वृंदावती यादव ने प्रोग्रामिंग स्कूल जॉइन किया। 15 माह के कोर्स उपरांत वे आज पार्ट-टाइम इंटर के रूप में कार्य कर रही हैं और प्रतिमाह 13 हजार रुपए कमा रही हैं। मुझे लगा था कि आर्थिक स्थिति के कारण मैं आगे नहीं बढ़ पाऊँगी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली.....

**रायपुर।** जिला मुख्यालय जशपुर में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह रणजीता स्टेडियम में संपन्न हुआ। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह में शांति के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, छत्तीसगढ पुलिस बल, छत्तीसगढ़ बल महिला, नगर सेना पुरुष, नगर सेना महिला, सेजेश हिन्दी माध्यम एन.सी.सी.जूनियर, जवाहर नवोदय विद्यालय कुनकुरी एअर विंग एन.सी.सी., महारानी लक्ष्मी बाई उ.मा.वि. जशपुरनगर एन.एस.एस. बालिका, सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर, वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर, सेंट जेवियर शाति भवन जशपुर स्काउट गाईट बालिका, सेंट जेवियर शांति भवन जशपुर बालक, बैंड दल ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों से पूरी आत्मीयता से मिले और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने उन्हें स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ ही उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

नाक, कान गला रोग विशेषज्ञों के सम्मेलन में शामिल हुए राज्यपाल

# बीमारियों के उपचार में नई तकनीकों की अहम भूमिका-राज्यपाल डेका

- राज्यपाल ने कहा कि 15 अगस्त से प्रारंभ यह तीन दिवसीय सम्मेलन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह भारत के स्वतंत्रता दिवस हमारे अपार राष्ट्रीय गौरव के दिन से शुरू हुआ है

रायपुर/ संवाददाता



राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि सभ्यता के विकास के साथ-साथ बीमारियां भी बढ़ी हैं और जीवन शैली ने स्वास्थ्य पर गहरा असर डाला है। उन्होंने कहा कि बीमारियों का पता लगाने एवं उनके उपचार में एआई, रोबोटिक सर्जरी एवं अन्य नई तकनीकों की भूमिका आज बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। राज्यपाल श्री डेका एम्स रायपुर में आयोजित नाक, कान गला (ईएमटी) रोग विशेषज्ञों के वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि 15 अगस्त से प्रारंभ यह तीन दिवसीय सम्मेलन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह भारत के स्वतंत्रता दिवस हमारे अपार राष्ट्रीय गौरव के दिन से शुरू हुआ है। हम स्वतंत्रता और प्रगति के 79 वर्षों का उत्सव मना रहे है। यह सम्मेलन नाक, कान, गला रोग के क्षेत्र के बेहतरीन ज्ञान साझा करने और स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी शोध को आगे बढ़ाने का श्रेष्ठ माध्यम है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ईएनटी कई ऐसे गंभीर मुद्दों से जुड़ा है, जिनमें सिर, गले के कैंसर प्रमुख हैं। दुर्भाग्य से, छत्तीसगढ़ में तंबाकू सेवन की आदतें व्यापक हैं। जिसके कारण ऐसे मामलों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए समाज और विशेषज्ञों से मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। राज्यपाल ने कहा कि बहरापन जीवन की गुणवत्ता प्रभावित करता है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से इस समस्या के समाधान में मदद मिल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन भी क्षमता निर्माण और जनजागरूकता बढ़ाने में योगदान देगा। श्री डेका ने कहा कि एम्स रायपुर तेज़ी से स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने सम्मेलन के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल उभरती चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करते है बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा देते है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक चर्चाओं, कार्यशालाओं और विचार-विमर्शों जैसे सामूहिक प्रयासों से नई अंतर्दृष्टि, नए समाधान और अंततः रोगियों के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। देश और विदेशों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए जाना जाता है। सम्मेलन में एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. नीतिन नागरकर ने भी अपने विचार रखे। स्वागत उद्बोधन डॉ. रेणु राजगोपाल ने दिया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. मिलिंद वी किर्तने, प्रोफेसर डॉ. ज्योति दाभोलकर, डॉ. मदन कापरे, डॉ. नीतिश जे. शाह सहित देश भर से आए विशेषज्ञ चिकित्सक, एम्स के फैकल्टी मेंबर्स, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# आतंकवाद पर ज्यादा ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत

इसमें कोई दोराय नहीं कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान में सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां तक कि एकाधिक बार पाकिस्तानी सीमा में घुस कर भी आतंकियों को निशाना बनाया गया। जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल इलाके में आतंकियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ को पिछले कई वर्षों के दौरान सबसे लंबा आतंकरोधी अभियान माना जा रहा है। निश्चित रूप से सुरक्षा बलों ने अलग-अलग स्तर पर आतंकियों की घेराबंदी की है, लेकिन अफसोस की बात है कि इस मुठभेड़ में दो जवानों के शहीद होने और कम से कम दस के घायल होने की खबर आई है। इससे फिर यही लगता है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ तमाम अभियानों और कवायदों के बावजूद आज भी आतंकी सक्रिय हैं और अक्सर उनके हमलों या उनके साथ मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के जवानों को जान गंवानी पड़ती है। गौरतलब है कि इस महीने के शुरू में अखल इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने अभियान शुरू किया था। कई दिनों की मुठभेड़ में अब तक दो आतंकी के मारे जाने की खबर आई है, लेकिन इलाके में घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं का फायदा उठा कर कई आतंकियों के अब भी छिपे होने की आशंका है। कुछ समय पहले पहलगाम में जब कुछ आतंकियों ने अचानक हमला करके कई पर्यटकों की हत्या कर दी थी, तब हर तरफ से आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग उठी थी। सरकार ने जवाबी कार्रवाई के तौर पर पाकिस्तानी सीमा में स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों के खिलाफ 'आपरेशन सिंदूर' के तहत ठोस कार्रवाई की और उसमें काफी आतंकियों के मारे जाने की खबर आई। उस अभियान से दुनिया भर में यह संदेश गया कि अब भारत आतंकवाद के विरुद्ध कोई भी नरमी नहीं बरतने जा रहा है, भले ही उसके कर्ता-धर्ता पाकिस्तान जैसे देश के रहनुमाओं का संरक्षण पाकर वहां से अपनी गतिविधियां संचालित करते हों। इसी तेवर में पाकिस्तानी सीमा में घुस कर आतंकियों के खिलाफ एक कामयाब हमले को अंजाम भी दिया गया। मगर अब जम्मू-कश्मीर के कुलगाम और अन्य कुछ इलाकों में आतंकियों की ओर से घात लगा कर किए गए हमलों से यह साफ है कि वहां अब भी आतंकी अपने छिपे ठिकानों से सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमले कर रहे हैं। यह स्थिति तब भी है, जब जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार ने अपनी ओर से सभी मोर्चों पर पूरी ऊर्जा लगा रखी है। दशकों से जारी इस समस्या से पार पाने के लिए सरकारों ने समय-समय पर लगातार दावे किए हैं, आतंकियों के खिलाफ अधिकतम सख्ती से लेकर स्थानीय नागरिकों से संवाद तक हर स्तर पर अनेक उपाय किए गए हैं। मगर आज भी वहां रह-रह कर सामने आने वाली आतंकवादी गतिविधियां देश के सामने एक तरह से चुनौती बनी हुई हैं और आए दिन जवानों की शहादत की खबरें आती रहती हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान में सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां तक कि एकाधिक बार पाकिस्तानी सीमा में घुस कर भी आतंकियों को निशाना बनाया गया। मगर सवाल है कि आखिर कहां ऐसी कमी है कि इस समस्या और पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकवादी संगठनों पर काबू पाना संभव नहीं हो सका है। आतंकियों से मुठभेड़ की ताजा घटना एक बार फिर यह रेखांकित करती है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पूरी तरह सफाए के लिए ज्यादा सुचिंतित और ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

**स्वतंत्रता अहसास है अपने होने का, इसकी अनुभूति का अहसास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए क्योंकि स्वतंत्रता का अर्थ केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि यह स्वयं के अस्तित्व, स्वयं की पहचान और अपने होने का गहन बोध है। यह भावना तब और भी प्रबल हो जाती है जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और कार्यों में स्वतंत्र महसूस करता है। किसी भी राष्ट्र में रहने वाले नागरिकों को स्वतंत्रता की अनुभूति तभी होती है जब वह राष्ट्र स्वयं स्वतंत्र होता है। स्वतंत्रता का बोध किसी भी राष्ट्र के नागरिकों के लिए तभी है, जब राष्ट्र में कानून का राज स्थापित होता है। भारत की आजादी की प्राप्ति एक सुनहरे भारत के भविष्य से साक्षात्कार थी, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम एक लम्बा, भारत की धरोहर और संस्कृति को बचाने का संघर्ष था।**

# देश में राष्ट्रविरोधी ताकतों को नेस्तनाबूद करने के लिए हर वर्ग के लोगों को आगे आना होगा

(ब्रह्मानंद राजपूत)

स्वतंत्रता के मायने हर नागरिक के लिए अलग-अलग होते हैं, कोई व्यक्ति स्वतंत्रता को अपने लिए खुली छूट मानता है, जिसमे वो अपनी मर्जी का कुछ भी कर सके, चाहे वो गलत हो या सही हो। लेकिन स्वतंत्रता सिर्फ अच्छी चीजों के लिए होती है।

स्वतंत्रता अहसास है अपने होने का, इसकी अनुभूति का अहसास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए क्योंकि स्वतंत्रता का अर्थ केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि यह स्वयं के अस्तित्व, स्वयं की पहचान और अपने होने का गहन बोध है। यह भावना तब और भी प्रबल हो जाती है जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और कार्यों में स्वतंत्र महसूस करता है। किसी भी राष्ट्र में रहने वाले नागरिकों को स्वतंत्रता की अनुभूति तभी होती है जब वह राष्ट्र स्वयं स्वतंत्र होता है। स्वतंत्रता का बोध किसी भी राष्ट्र के नागरिकों के लिए तभी है, जब राष्ट्र में कानून का राज स्थापित होता है। भारत की आजादी की प्राप्ति एक सुनहरे भारत के भविष्य से साक्षात्कार थी, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम एक लम्बा, भारत की धरोहर और संस्कृति को बचाने का संघर्ष था। किसी भी देश में रहने वाले नागरिकों के लिये स्वतंत्रता एक अनमोल उपहार है और इसका सम्मान करना तथा इसे संजोकर रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी दिन हमारा हिन्दुस्तान आज से 78 साल पहले 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से स्वतंत्र हुआ था। इसी दिन हमारे वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हमें अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। हमें आजादी दिलाने के लिए न जाने कितने वीर वीरांगनाओं ने अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं व अत्याचारों का सामना किया और देश की आजादी के लिए अपनी आहुतियां दी। यह दिन ऐसे ही वीर-वीरांगनाओं को याद करने का दिन है। इस दिन का भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए एक विशेष महत्व है, इस दिन हर भारतवासी अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करता है, जिनके खून पसीने और संघर्ष से हमें आजादी नसीब हुई। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर हिंदुस्तान में जगह-जगह हवा में लहराता झंडा हमें स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का अहसास कराता है। इस साल 78 वां स्वतंत्रता दिवस होने की वजह से इस दिन की महत्वता और बढ़ जाती है। आजादी से लेकर आज तक भारत देश ने कई उतार-चढाव देखे है और हर प्रकार की परिस्थिति में अपने गौरव को बढ़ाया है व विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है।

स्वतंत्रता के मायने हर नागरिक के लिए अलग-अलग होते हैं, कोई व्यक्ति स्वतंत्रता को अपने लिए खुली छूट मानता है, जिसमे वो अपनी मर्जी का कुछ भी कर सके, चाहे वो गलत हो या सही हो। लेकिन स्वतंत्रता सिर्फ अच्छी चीजों के लिए होती है। बुरी चीजों के लिए स्वतंत्रता अभिशाप बन जाती है, इसलिए स्वतंत्रता के मायने तभी हैं जब स्वतंत्रता में मर्यादा, चरित्र और समर्पण का भाव हो। अगर स्वतंत्रता में मर्यादा, चरित्र और समर्पण ही नहीं है तो यह आजादी देश और समाज में बलात्कार, छेड़खानी, हत्या, हिंसा, दंगे और मॉब लिंचिंग आदि जैसी घटनाओं के अंजाम के लिए जिम्मेदार होती है। स्वतंत्रता दिवस के दिन देश के युवा पतंगें उड़ा कर आजादी का जश्न मनाते हैं। हवा में लहराती पतंगें संदेश देती हैं कि हम आजाद देश के नागरिक हैं। पर क्या तिरंगा फहराकर या पतंग उड़ाकर आजादी का अहसास हो जाता है? क्या भारत में हर किसी को आजादी से जीने का हक मिल पाया है? हमें आजादी



मिली, उसका हमने क्या सदुपयोग किया। लोग पेड़ों को काट रहे हैं। बालिका भ्रूण की हत्या हो रही है। सड़कों पर महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। शराब पीकर लोग देश में सड़क हादसों को अंजाम देते हैं और दूसरे बेगुनाह लोगों को मार देते हैं। जालसाल व षड्यंत्रकारी लोग झूठे आरोपों से बेगुनाह और मासूम लोगों को फसाने का प्रयास करते है और संविधान का दुरूपयोग करते हैं। ये कैसी आजादी है, जहां एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के अधिकारों का हनन कर रहा है।

बेशक भारत को स्वतंत्र हुए 78 साल हो गए हों, लेकिन आज भी हमारे आजाद भारत देश में बाल अधिकारों का हनन हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने की उम्र में काम करते दिख जाते हैं। आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है। इसके खात्मे के लिए सरकारों और समाज को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साथ बाल मजदूरी पर पूर्णतया रोक लगानी चाहिए। बच्चों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए अनेक योजनाओं का प्रारंभ किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव दिखे और शिक्षा का अधिकार भी सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। गरीबी दूर करने वाले सभी व्यावहारिक उपाय उपयोग में लाए जाने चाहिए। बालश्रम की समस्या का समाधान तभी होगा जब हर बच्चे के पास उसका अधिकार पहुंच जाएगा। इसके लिए जो बच्चे अपने अधिकारों से वंचित हैं, उनके अधिकार उनको दिलाने के लिये समाज और देश को सामूहिक प्रयास करने होंगे। आज देश के प्रत्येक नागरिक को बाल मजदूरी का उन्मूलन करने की जरूरत है। देश के किसी भी हिस्से में कोई भी बच्चा बाल श्रमिक दिखे, तो देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह बाल मजदूरी का विरोध करे और इस दिशा में उचित कार्यवाही करें साथ ही साथ उनके अधिकार दिलाने के लिये प्रयास करें। देश का हर बच्चा कन्हैया का स्वरुप है, इसलिए कन्हैया के प्रतिरूप से बालश्रम कराना पाप है। इस पाप का भगीदार न बनकर देश के हर नागरिक को देश के नन्हे-मुन्नों को शिक्षा का अधिकार दिलाना चाहिए जिससे कि हर बच्चा बड़ा होकर देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर सके।

भारत देश में कानून बनाने का अधिकार केवल भारतीय लोकतंत्र के मंदिर भारतीय संसद को दिया गया है। जब भी भारत में कोई नया कानून बनता है तो वो संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) से पास होकर राष्ट्रपति के पास जाता है। जब राष्ट्रपति उस कानून पर बिना आपत्ति किये हुए हस्ताक्षर करता है तो वो देश का कानून बन जाता है। लेकिन आज देश के लिए कानून बनाने वाली भारतीय लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था भारतीय संसद की हालत दयनीय है। जो लोग संसद के दोनों सदनों में प्रतिनिधि बनकर जाते हैं, वो लोग ही आज संसद को बंधक बनाये हुए हैं और उनमें से अधिकतर लोग लोकतंत्र के मन्दिर भारतीय संसद की मर्यादा को तार-तार करते हैं व विश्व समुदाय के सामने देश के गौरव को कलंकित करने का काम करते है। जब भी संसद सत्र चालू होता है तो संसद सदस्यों द्वारा चर्चा करने की बजाय हंगामा किया जाता है और देश की जनता के पैसों पर हर तरह की सुविधा पाने वाले संसद सदस्य देश के भले के लिए काम करने की जगह संसद को कुश्ती का अखाड़ा बना देते हैं, जिसमें पहलवानी के दांव पेचों की जगह आरोप प्रत्यारोप और अभद्र भाषा के दांव पेंच खेले जाते हैं। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। आज जरुरत है कि देश के लिए कानून बनाने वाले संसद सदस्यों के लिए एक कठोर कानून बनना चाहिए। जिसमें कड़े प्रावधान होने चाहिए, जिससे कि संसद सदस्य संसद में हंगामा खड़ा करने की जगह देश की भलाई के लिए अपना योगदान दें। आज हमारे जनप्रतिनिधि आम जनता के प्रतिनिधि न होकर सिर्फ और सिर्फ अपने और अपने लोगों के प्रतिनिधि बनकर खड़े होते हैं, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। एक स्वतंत्र गणतांत्रिक देश में जनप्रतिनिधियों से देश का कोई भी नागरिक ऐसी अपेक्षा नहीं करता है। हर जनप्रतिनिधि का फर्ज है कि वह अपने और अपने लोगों का प्रतिनिधि बनने की बजाय अपने क्षेत्र की सम्पूर्ण जनता के प्रतिनिधि बने और देश के सभी जनप्रतिनिधियों को न्यायप्रिय शासन करना चाहिए, जिसमें समाज के हर तबके के लिए स्थान हो तभी हमारी स्वतंत्रता अक्षुण्ण रह पाएगी।

बेशक हम अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हों लेकिन आज भी देश महिलाओं को पूर्णतः स्वतंत्रता नहीं है, आज भी देश में महिलाओं को बाहर अपनी मर्जी से काम करने से रोका जाता है। महिलाओं पर तमाम तरह की बंदिशे परिवार और समाज द्वारा थोपी जाती हैं जो कि संविधान द्वारा प्रदत्त महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों का हनन करती है। आज भी देश में महिलाओं के मौलिक अधिकार चाहे समानता का अधिकार हो, चाहे स्वतंत्रता का अधिकार हो, चाहे धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार हो, चाहे शिक्षा और संस्कृति सम्बन्धी अधिकार हो; समाज द्वारा नारियों के हर अधिकार को छीना जाता है या उस पर बंदिशे लगायी जाती हैं, जो कि एक स्वतंत्र देश के नवनिर्माण के लिए शुभ संकेत नहीं है। कोई भी देश तब अच्छे से निर्मित होता है जब उसके नागरिक चाहे महिला हो या पुरुष हो उस देश के कानून और संविधान को पूर्ण रूप से सम्मान करे और उसका कड़ाई से पालन करे। आज बेशक भारत विश्व की उभरती हुई शक्ति है। लेकिन आज भी देश काफी पिछड़ा हुआ है। देश में आज भी कन्या जन्म को दुर्भाग्य माना जाता है, और आज भी भारत के रूढ़िवादी समाज में हजारों कन्याओं की भ्रूण में हत्या की जाती है। सड़कों पर महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। सरेआम महिलाओं से छेड़छाड़ और बलात्कार के किस्से भारत देश में आम बात हैं। कई युवा (जिनमें भारी तादात में लड़कियां भी शामिल हैं) एक तरफ जहां हमारे देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। वहीं कई ऐसे युवा भी हैं जो देश को शर्मसार कर रहे हैं।

# बर्र के छत्ते में डाला हाथ, भुगतना तो पड़ेगा...भारत के दो 'हथियारों' ने उड़ाई अमेरिका की नींद

(दिनेश मिश्र)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'दोस्त' कहते हुए भारत की पीठ में छुरा घोंपा है। और तो और ट्रंप यह भी दबाव डाल रहे हैं कि भारत किसी भी सूरत में रूस से अपनी दोस्ती तोड़ दे। साथ ही यह भी धमकी भी देना चाह रहे हैं कि अगर भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया तो उसे और बुरे अंजाम भुगतने होंगे। वहीं, भारत ने भी सधे शब्दों में अमेरिका को ये समझा दिया है कि वह अपने राष्ट्रहित से कतई समझौता नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इशारों ही इशारों में कह दिया था कि भारत के लिए वह अपनी 'दोस्ती' तक कुर्बान कर देंगे। उन्होंने इशारों में ये कहा था कि मैं जानता हूं, मुझे इसके लिए निजी तौर पर बड़ी कीमत चुकानी होगी। अब चर्चा है कि पीएम मोदी खुद चीन जाने वाले हैं। उनकी तियानजिन यात्रा लगभग तय मानी जा रही है, जिसकी नींव पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक करार में रखी गई थी। दरअसल, भारत ने ट्रंप के टैरिफ और दुश्मनी वाली दोस्ती के जवाब में अपने दो तुरुप के इक्के चल दिए हैं, जिसने अमेरिकी सरकार की नींद उड़ा दी है। आगे के पैरा में जानते हैं पहला इक्का कौन सा है।

**पहला इक्का- कजान में हुई थी ब्रिक्स पर बात, अब लेगा आकार!-** पीएम मोदी की यात्रा से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग यी अगले हफ्ते भारत आएंगे। वे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत करेंगे। अब जरा पिछले साल अक्टूबर में चलते हैं, जब रूस के कजान शहर में ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन हुआ। उस दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रिक्स देशों को अपनी-अपनी करेंसी में कारोबार करने पर बल दिया था। दरअसल, पूरी दुनिया के कारोबार पर इस वक्त अमेरिकी डॉलर का दबदबा है। इससे पहले 2023 में यह उम्मीद जताई जा रही थी कि ब्रिक्स राष्ट्र अमेरिकी डॉलर के विकल्प के रूप में संभावित स्वर्ण समर्थित मुद्रा बनाने पर चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। यह जानना दिलचस्प है कि 300 करोड़ की आबादी वाले ब्रिक्स देशों की जीडीपी 24 ट्रिलियन डॉलर है। ऐसे में अगर ब्रिक्स की मुद्रा की बात संभव होती है तो इससे अमेरिका का वर्चस्व टूटेगा।

**दूसरा इक्का- आरआईसी से नाटो देशों को भी टेंशन-** वहीं, बीते महीने ही विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन गए थे। उस वक्त ड्रैगन ने रूस-भारत-चीन (आरआईसी) मंच को मजबूती से कायम करने का प्रस्ताव दिया था। उस वक्त जयशंकर ने बस यही कहा था कि यह बातचीत से तय होगा। रूस के पूर्व प्रधानमंत्री येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर आरआईसी बना था। मकसद था अमेरिका की दादागिरी वाली राजनीति को संतुलित करना। 2002 से 2020 तक इस समूह ने 20 से अधिक बार मंत्री स्तरीय बैठकें कीं, जिसमें विदेश नीति, आर्थिक, व्यापार और सुरक्षा मामलों पर तालमेल बिठाने की कोशिश की गई। 2020 में गलवान घाटी संघर्ष के बाद यह मंच निष्क्रिय हो गया। इस इक्के से अमेरिका की अगुवाई वाले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो देशों को टेंशन तो जरूर होगी।

**अमेरिका का बादशाह- क्यों फेल होता दिख रहा-** अमेरिका ने पूरे प्रशांत महासागर में अपना जाल बिछा रखा है। वह चीन का वर्चस्व कम करने के लिए उसके दुश्मनों के साथ मिलकर गठजोड़ तैयार कर रहा है। वह भारत को इसीलिए अपने पाले में करके क्वॉड देशों का मजबूत गठबंधन बनाना चाहता है। क्वाड अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर प्रशांत महासागर क्षेत्र में ड्रैगन पर रोक लगाने की एक पहल है। मगर, भारत ने अमेरिका की चाल समझ ली है। उसने साफ कहा है कि वह अपने हितों से समझौता कतई नहीं करेगा।

**आरआईसी के एक्टिव होने से अमेरिका का दम निकलेगा-** अगर भारत आरआईसी में फिर से एक्टिव होता है, तो वो अमेरिका के लिए सीधे एक झटका होगा। रूसी मीडिया ने रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेन्को के हवाले से बताया कि मॉस्को आरआईसी फॉर्मेट को फिर से शुरू करने की उम्मीद कर रहा है और इसके लिए वह बीजिंग और नई दिल्ली से बातचीत कर रहा है। रुडेन्को ने कहा-यह मुद्दा हमारी बातचीत में आता रहता है। हम चाहते हैं कि यह फॉर्मेट फिर से सक्रिय हो, क्योंकि ये तीनों देश हमारे महत्वपूर्ण साझेदार हैं और ब्रिक्स के संस्थापक भी। वहीं, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने भी कहा है कि-चीन-रूस-भारत सहयोग न केवल तीनों देशों के हित में है, बल्कि यह क्षेत्र और दुनिया में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति में भी सहायक होगा। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी कहा है कि यह एक ऐसा तरीका है, जहां तीनों देश वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि आरआईसी की बैठक कब होगी, यह तीनों देश मिलकर तय करेंगे।

**दुनिया के 90 प्रतिशत मुद्रा कारोबार पर डॉलर का कब्जा-** अभी दुनिया में अमेरिकी डॉलर का प्रभुत्व है, जो सभी मुद्रा व्यापार का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा है। 2023 से पहले तक करीब 100 फीसदी पेट्रोलियम का कारोबार अमेरिकी डॉलर में किया जाता था। हालांकि, 2023 में यह तस्वीर थोड़ी बदल गई। तेल व्यापार का करीब पांचवां हिस्सा यानी 20 फीसदी गैर अमेरिकी मुद्राओं से किया गया था। यही बात अब अमेरिका को सता रही है। माना जा रहा है कि मौलिक रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से बने ब्रिक्स देश नई करेंसी की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे अमेरिका चिंता में हैं, क्योंकि इससे उसका वर्चस्व टूट सकता है।

**ब्रिक्स देश नई करेंसी क्यों बनाना चाहते हैं?-** रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में जंग समेत हाल की वैश्विक वित्तीय चुनौतियों और आक्रामक अमेरिकी विदेश नीतियों ने ब्रिक्स देशों को संभावना तलाशने के लिए प्रेरित किया है। वे अमेरिकी डॉलर और यूरो पर वैश्विक निर्भरता को कम करते हुए अपने आर्थिक हितों को बेहतर ढंग से पूरा करना चाहते हैं। ब्रिक्स मुद्रा कब जारी की जाएगी? इकसी अभी तक लॉन्च की कोई निश्चित तारीख नहीं है, लेकिन इन देशों ने इस संभावना पर विस्तार से चर्चा की है। 2022 में 14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भी पुतिन ने नई वैश्विक आरक्षित मुद्रा की वकालत की थी। अप्रैल, 2023 में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डिसिल्वा ने ब्रिक्स मुद्रा का समर्थन किया।

# हवा-पानी की आज़ादी के बिना आज़ादी अधूरी

**देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है।**

(ललित गर्ग)

आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं।

देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण- ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आज़ादी मतलब 'स्वस्थ हवा' पाना है। हमारे 'आज़ादी' को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आज़ादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आज़ादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आज़ादी मिली है?

आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज़ बनती जा रही है। 'हवा-पानी की आज़ादी' का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है।

जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेश्न सिंधूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बर्बादी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है।

दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'बहुत खराब' या 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना-ये सब मिलकर हवा को ज़हरीला बना रहे हैं।

भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है- तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे-अब भी खरे हैं तालाब। आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने 'अटल भूजल योजना', 'नल से जल' और 'नदी पुनर्जीवन' जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव-गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आज़ादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज़ सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।

आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु-जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। खेती में प्रदूषकों की रोकथाम से जल संसाधनों के संकट और पारिस्थिकी तंत्र में बदलाव के संकट को कम किया जा सकता है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नियमित करके समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है। उपलब्ध जल संसाधनों तक उपभोग को सीमित करके, संसाधन पर दवाब कम किया जा सकता है।

आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है-हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोज़गारी का नहीं, बल्कि शुद्ध हवा-पानी जैसी मूलभूत जरूरतों से जुड़ी सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है। हमने अंग्रेज़ी शासन से मुक्ति पाई, लेकिन अगर हमारे बच्चे दूषित हवा में सांस लें और जहरीला पानी पिएं, तो यह कैसी आज़ादी है? आज़ादी का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब हर नागरिक को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी मिले। 78वां स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने और भाषण देने का नहीं, बल्कि जीवनदायिनी संसाधनों की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर है। अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल पर पानी बचाने की आदत डालें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें। वर्षा जल संचयन करें। प्रदूषण

## संक्षिप्त समाचार

### असीम मुनीर ने राष्ट्रपति जरदारी को हटाने की बात को किया खारिज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को उनके पद से हटाने को लेकर चल रहे अटकलों के बीच पाकिस्तान सेना प्रमुख असिम मुनीर का बड़ा बयान आया है। उन्होंने इन अटकलों को पूरी तरह से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से गलत बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुनीर ने कहा कि ऐसी अफवाहें राजनीतिक अराजकता फैलाने की साजिश हैं। बता दें कि जुलाई में सोशल मीडिया पर यह खबरें आई थीं कि राष्ट्रपति जरदारी को हटाया जा सकता है। साथ ही सेना प्रमुख खुद देश के शीर्ष पद पर आ सकते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने इसको सिरे से खारिज कर दिया था। मामले में पत्रकार सुहैल वरैंच ने बताया कि ब्रुसेल्स में हुई एक बैठक के दौरान सेना प्रमुख मुनीर ने उन्हें बताया कि ये अफवाहें पूरी तरह गलत हैं। मुनीर ने कहा कि भगवान ने मुझे देश का रक्षक बनाया है, मैं किसी भी पद की इच्छा नहीं रखता। इसके साथ ही राजनीतिक मेल-मिलाप के बारे में मुनीर ने कहा कि यह तभी संभव है जब सभी पक्ष ईमानदारी से माफी मांगें। यहां पर मुनीर का इशारा पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और उसके नेता इमरान खान की तरफ था। इसके साथ ही विदेशी मामलों पर मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाए रखेगा और किसी एक को दूसरों के लिए कुर्बान नहीं करेगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रयासों को ईमानदार बताया। साथ ही कहा कि पाकिस्तान ने उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने में पहल की थी।

### डिप्रेशन का शिकार चीनी अभिनेत्री ने टैलेंट कंपनी पर लगाए सनसनीखेज आरोप

**बीजिंग, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स ड्रामा हिडन लव मूवी सीरीज चीनी एक्ट्रेस झाओ लुसी ने एक मीडिया कंपनी पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। तियानजिन गैलेक्सी कूल एंटरटेनमेंट कल्चर मीडिया कंपनी लिमिटेड पर उन्होंने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। 26 वर्षीय झाओ ने कहा कि जब उन्होंने कंपनी से डिप्रेशन की शिकायत की तो कुछ अधिकारियों ने उन्हें होटल के कमरे में बंद कर दिया। वहीं, उसका इलाज किसी तांत्रिक से कराने की कोशिश की। डिप्रेशन और दूसरी वजहों से पिछले साल दिसंबर में वो बीमार पड़ गई। इसी बीच कंपनी ने झाओ को फिल्म कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने के लिए 2 मिलियन युआन (2,80,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भरने को कहा। उन्होंने कंपनी पर वर्षों से मौखिक और शारीरिक तौर पर उत्पीड़न का भी आरोप लगाया। झाओ की एक दोस्त ने दावा किया कि एक बार ऑडिशन में फेल होने पर उनके बॉस ने उन्हें रात के 2 बजे बाथरूम में घंटों डांटा था। सोशल मीडिया पर झाओ के फैंस उनके समर्थन में उतर चुके है।

### नेपाल के उप पीएम बोले- भारत से संबंध रोटी-बेटी से भी आगे के

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह ने भारत को उसके 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, नई दिल्ली-काठमांडो संबंध सिर्फ रोटी और बेटी तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयामों तक भी फैले हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को ललितपुर में भारतीय दूतावास के ध्वजारोहण कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, भारत-नेपाल संबंध अपने आप में बेहद खास हैं। हमारी सीमाएं खुली हैं और हमारे बीच सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत निकटता है। सिंह ने कहा, दोनों देशों में द्विपक्षीय संबंधों को आपसी सहयोग और भी प्रगाढ़ किया जाएगा।

### म्यांमार के मोगोक में सेना के हमले में 16 महिलाओं समेत 21 की मौत

**मोगोक , एजेंसी।** म्यांमार के मोगोक शहर में सेना के हवाई हमले में 16 महिलाओं सहित 21 लोग मारे गए और सात घायल हो गए। मृतकों में एक गर्भवती भी थी। इस शहर पर पिछले साल जुलाई में तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) ने कब्जा कर लिया था। टीएनएलए, सेना के खिलाफ लड़ने वाले शक्तिशाली जातीय मिलिशिया में से एक है। टीएनएलए के प्रवक्ता लवे याय ऊ ने बताया, हमला बृहस्पतिवार की रात 8:30 बजे मोगोक टाउनशिप के श्वेगु वार्ड में हुआ। इसमें कई घरों और बौद्ध मठों को भी नुकसान पहुंचा है।

### पाकिस्तान में ट्रेन हादसा, एक की मौत कई घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को हुए एक ट्रेन हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर जाने से कम से कम एक यात्री की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पेशावर से कराची जा रही आवाम एक्सप्रेस लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर पंजाब के लोधरान जिले में पटरी से उतर गई। उन्होंने कहा, ट्रेन के लगभग चार डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। घायलों में तीन यात्रियों की हालत बेहद गंभीर है।

## रूस की इलास्टिक फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग, 11 लोगों की मौत

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां रयाजान क्षेत्र में एक फैक्ट्री में लगी आग से 11 लोगों की मौत हो गई और लगभग 130 लोग घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार को शिलोवस्की जिले के इलास्टिक प्लांट में हुआ, जो मॉस्को से लगभग 250 किलोमीटर दूर है। आपातकालीन टीमें मलबे में तलाश जारी रखे हुए हैं और शनिवार तक दो और शव बरामद किए गए।

मामले में रूसी अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री के गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगी, जिससे विस्फोट हुआ। घायलों में से 29 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जिनमें 13 रयाजान और 16 को मॉस्को के मेडिकल सेंटर में स्थानांतरित किया गया है।

गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगने से हुआ हादसा

बता दें कि रूसी आपातकाल मंत्रालय ने बताया कि फैक्ट्री में मौजूद गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगने से धमाका हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है और मलबे से शनिवार सुबह तक दो और शव निकाले गए। प्रशासन ने बताया कि तीन लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है।

**रियाजन क्षेत्र में सोमवार को शोक दिवस:** घटना की जांच शुरू कर दी गई है और सोमवार को रियाजान क्षेत्र में शोक दिवस घोषित किया गया है। इस दिन झंडे झुके रहेंगे और सभी सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रम रद्द रहेंगे। गौरतलब है कि इसी फैक्ट्री में अक्तूबर 2021 में भी एक बड़ा धमाका हुआ था, जिसमें 17 लोगों की जान गई थी।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई, 700 सैनिक बुलाए

**वॉशिंगटन डी सी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं।

इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वॉशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740 लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा, हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे। इस साल वॉशिंगटन डीसी में 98 लोगों का कत्ल हो चुका है और नस्लीय झगड़ों के कारण 3782 लोग



बेघर हुए हैं। अमेरिका में ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। वॉशिंगटन की मेयर म्यूरियल बोउजर ने कहा- शहर में क्राइम नहीं बढ़ा है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में हिंसक अपराध 35प्रतिशत कम हुआ और 2025 के पहले सात महीनों में 26त्न की कमी आई। कुल अपराध भी 7प्रतिशत घटा है। हालांकि, गोलीबारी चिंता का विषय है। 2023 में अमेरिका में गोलीबारी से होने वाली हत्याओं में वॉशिंगटन तीसरे स्थान पर था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा उन्होंने 1970 के होम रूल एक्ट का इस्तेमाल किया है। यह राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि वह इमरजेंसी की हालत में 48 घंटे तक शहर की पुलिस का नियंत्रण ले सकते हैं। कानून के मुताबिक, अगर राष्ट्रपति वॉशिंगटन डीसी से जुड़े कानून बनाने वाली संसद की समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को इसकी जानकारी दे दें, तो पुलिस का नियंत्रण लंबे समय तक रखा जा सकता है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ट्रम्प ने यह औपचारिक सूचना दी है या नहीं। नियम के मुताबिक अगर शहर पर कंट्रोल 30 दिनों से ज्यादा रखना हो, तो इसके लिए संसद में कानून पास कराना जरूरी होता है। ट्रम्प ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में भी 5 हजार नेशनल गार्ड तैनात किए थे, जिसका स्थानीय नेताओं ने विरोध किया था। वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती का अधिकार राष्ट्रपति के पास है, क्योंकि यह केंद्र शासित क्षेत्र है। पहले भी 2020 में पुलिस क्रूरता के खिलाफ प्रदर्शनों और 2021 में कैपिटल हमले के दौरान नेशनल गार्ड तैनात किए गए थे। इस बीच, सैन फ्रांसिस्को में एक मुकदमा शुरू हुआ है, जिसमें ट्रम्प प्रशासन पर बिना गवर्नर की अनुमति के नेशनल गार्ड और मरीन भेजने का आरोप है। अमेरिकी कानून सैन्य बलों को स्थानीय कानून व्यवस्था में सीधे शामिल होने से रोकता है। ट्रम्प का यह कदम डेमोक्रेटिक शहरों पर केंद्रीय नियंत्रण बढ़ाने की उनकी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# एयर कनाडा की सभी उड़ानें रद्द ! मुसीबत में फंसे लाखों यात्री

**टोरंटो, एजेंसी।**
एयर कनाडा के 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट शनिवार तड़के हड़ताल पर चले गए, जिसके बाद कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें निलंबित कर दीं। इस घटनाक्रम से शनिवार को दुनियाभर में एक लाख से अधिक यात्रियों के प्रभावित होने का अनुमान है। इस बीच, कनाडा सरकार ने विमानन कंपनी और उसके 'फ्लाइट अटेंडेंट के संघ पर काम पर लौटने और समझौता करने का दबाव तेज कर दिया है। संघीय रोजगार मंत्री पैटी हज्दू ने मामले में सरकारी हस्तक्षेप की घोषणा करते हुए कहा कि अभी अर्थव्यवस्था को जोखिम में डालने का समय नहीं है।

उन्होंने एयर कनाडा के 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट से जल्द काम पर लौटने को कहा। हज्दू ने कहा, बातचीत बेनतीजा रही। यह स्पष्ट है कि दोनों पक्ष कुछ प्रमुख मुद्दों को सुलझाने के करीब नहीं हैं और उन्हें मध्यस्थ की मदद की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि सेवाओं को पूरी तरह से पुनः शुरू करने में कई दिन लग सकते हैं और यह कनाडा औद्योगिक संबंध बोर्ड पर निर्भर करेगा। एयर कनाडा के 'फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल के बाद कंपनी ने शनिवार सुबह अपनी सेवाएं निलंबित करने की घोषणा की। 'कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के प्रवक्ता ह्यूग पोलियट ने पुष्टि की कि अनुबंध की शर्तों को लेकर कोई समझौता न होने के बाद कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इसके थोड़ी देर बाद एयर कनाडा का बयान आया कि वह अपना सभी परिचालन फिलहाल रोक रहा है। कनाडा की

कई दिन फ्लाइट्स ठप्प रहने की आशंका




सबसे बड़ी विमानन कंपनी और उसके 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच अनुबंध को लेकर तीखी लड़ाई शुक्रवार को और बढ़ गई। दरअसल, कर्मचारी संघ ने कंपनी के सरकार-निर्देशित समझौते को स्वीकार करने के अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके तहत हड़ताल करने का उसका अधिकार समाप्त हो जाता और तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को नये अनुबंध की शर्तें तय करने की अनुमति मिल जाती। एयर कनाडा और उसके 'फ्लाइट अटेंडेंट का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच गतिरोध बढ़ने से लाखों यात्री मुश्किल में फंस गए हैं। दरअसल, एयर कनाडा रोजाना औसतन 700 उड़ानों का संचालन करती है। कंपनी का परिचालन पूरी तरह से ठप पड़ने से हर रोज लगभग 1.30 लाख यात्रियों के प्रभावित होने का अनुमान है, जबकि 25,000 कनाडाई विभिन्न देशों में फंस सकते हैं।

बच्चों से अश्लील बातें

## झूठ बोलने में माहिर... विवादों में घिरा मेटा के एआई चैटबॉट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का जमाना है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक, कई लोग एआई चैटबोट को अपना दोस्त बना चुके हैं। हर छोटी-बड़े प्रश्न का उत्तर लोग एआई से मांगते हैं और एआई भी झटपट सभी सवालों के जवाब दे देता है।



मगर, यह कौन तय करेगा कि वो जवाब सही हैं या नहीं? कहीं एआई आपको गुमराह तो नहीं कर रहा है? ऐसे ही एक मामले को लेकर मेटा का एआई चैटबॉट विवादों में घिर गया है।

दरअसल मेटा ने हाल ही 200 पेज की पॉलिसी जारी की थी, जिसमें कंपनी ने स्पष्ट किया कि मेटा का एआई न सिर्फ झूठी जानकारी बना सकता है बल्कि बच्चों से रोमांटिक चैट करने में भी माहिर है। इसे लेकर अब अमेरिका के कई सांसदों ने मेटा कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी सांसद जोश हॉली ने मेटा के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने मेटा कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। जोशी ने अपने पत्र में पूछा, क्या मेटा का एआई टूल बच्चों से संवेदनशील बातें, धोखाधड़ी समेत आपराधिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है?

मेटा एआई चैटबॉट पर मेडिकल से जुड़ी झूठी जानकारी देने और नस्लीय भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। अमेरिकी सांसद मार्शा ब्लैकबर्न ने भी मेटा के खिलाफ इस जांच का समर्थन किया है। फेमस सिंगर नील यंग ने मेटा की इस पॉलिसी का विरोध करते हुए फेसबुक छोड़ दिया है।

## लंबे वक्त से बंद था प्लेन का टॉयलेट, दरवाजा खुला तो अंदर का असहनीय सीन को देख एयर होस्टेस...

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
हवाई यात्रा अब आम हो गई है लेकिन कुछ लोग आज भी उड़ान के दौरान सभ्यता और नियमों को ताक पर रख देते हैं। ऐसा ही एक हैरान कर देने वाला मामला अमेरिकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट में सामने आया है जहां एक यात्री ने प्लेन के टॉयलेट में सिगरेट पी और जब उसे रोका गया तो उसने एयर होस्टेस के साथ जमकर बहस की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना तब शुरू हुई जब एक फ्लाइट अटेंडेंट ने देखा कि विमान का टॉयलेट काफी देर से बंद था। जब उन्होंने दरवाज़ा खोला तो अंदर का नज़ारा चौंकाने वाला था। पीटर नगुएन नाम का शख्स अंदर सिगरेट पी रहा था और धुएं के छल्ले उड़ा रहा था। जब एयर होस्टेस ने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने उलटा उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और खुद को सेलिब्रिटी पिकलबॉल कोच बताने लगा। वायरल वीडियो में वह शख्स एयर होस्टेस पर हाथ उठाने का आरोप लगा रहा है जबकि दूसरी एयर होस्टेस उसे बता रही है कि विमान में धूम्रपान की अनुमति नहीं है। बहस के दौरान उसने यह भी दावा किया कि वह एक वकील है और उसके 25,000 सोशल मीडिया फॉलोअर्स हैं जो यह सब देख रहे हैं। इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत के बाद अमेरिकन एयरलाइंस ने उस यात्री को सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतार दिया। वहां पहले से मौजूद पुलिस उसे अपने साथ ले गई। घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने पीटर नगुएन के व्यवहार की कड़ी आलोचना की।

## परेशानी बन गए हैं नेतन्याहू, इजरायल पर भी लगें रूस जैसे प्रतिबंध: मेटे फ्रेडरिक्सन

**कोपेनहेगन, एजेंसी।**
गाजा में जारी युद्ध और आम इंसानों की मौत ने दुनिया भर में इजरायल के खिलाफ माहौल बना दिया है। हमेशा इजरायल के सपोर्ट में खड़े दिखने वाले यूरोपीय देश भी अब खुलकर पीएम नेतन्याहू और उनकी नीतियों का विरोध करने लगे हैं। इसी क्रम में अब नया नाम डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन का भी जुड़ गया है। मेटे ने इजरायली प्रधानमंत्री को एक समस्या बताते हुए कहा कि गाजा में बिगड़ते मानवीय संकट के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए यूरोपीय संघ को भी इजरायल पर दबाव डालना चाहिए। अगर तब भी हालात नहीं सुधरते तो फिर इजरायल पर भी रूस की तरफ प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। डेनमार्क ने



कई देशों द्वारा फिलिस्तीन को मान्यता देने को लेकर किए जा रहे विचार पर अपनी सहमति नहीं जताई। पीएम ने कहा कि फिलिस्तीनी राज्य को तत्काल मान्यता देने से संघर्ष कम नहीं होगा। हालांकि उन्होंने कोपेनहेगन के द्वि-राज्य समाधान के समर्थन की पुष्टि की। फ्रेडरिक्सन ने लिखा, फिलिस्तीन को अभी मान्यता देने से उन हजारों बच्चों की मदद नहीं होगी, जो वर्तमान में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह नहीं होगा चाहे आप कितना भी चाह लें। इसके बजाय हमें इजरायल और हमास दोनों पर दबाव बढ़ाने की जरूरत है। लंबे समय तक इजरायल की मुखर समर्थक रहीं फ्रेडरिक्सन ने नेतन्याहू की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि उनकी सरकार इजरायल के हितों के विरुद्ध काम कर रही है। नेतन्याहू के बिना इजरायल ज्यादा बेहतर तरीकों से काम करेगा। उन्होंने गाजा युद्ध में इजरायली सेना द्वारा की जा रही मासूम लोगों की हत्याओं की निंदा करते हुए इसे बेहद भयावह और विनाशकारी बताया। अपना रुख दोहराते हुए फ्रेडरिक्सन ने कहा कि डेनमार्क अभी फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों में शामिल नहीं होगा।

## 22 अगस्त को ट्रंप, जेलेंस्की और पुतिन के बीच हो सकती है संयुक्त बैठक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी बैठक के बाद यूरोपीय नेताओं से फोन पर बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बातचीत में ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं से कहा कि वे 22 अगस्त तक पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी बात की। इस बातचीत में दोनों नेताओं के बीच सोमवार को वॉशिंगटन में मुलाकात करने पर सहमति बनी।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सोमवार को वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने की पुष्टि की। अमेरिकी ऑनलाइन मीडिया आउटलेट



एक्सियोस के अनुसार, ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं को भी सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को कहा कि जेलेंस्की और ट्रंप के बीच सोमवार को होने वाली बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। हालांकि अभी तक रूस की तरफ से त्रि-पक्षीय बैठक में शामिल होने को लेकर कोई जानकारी या बयान सामने नहीं आया है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के हवाले से बताया कि पुतिन के साथ अपनी बैठक के बाद, ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत में एक शांति समझौते का प्रस्ताव रखा, जिसके तहत यूक्रेन, रूस को डोनबास क्षेत्र सौंप देगा। वहीं बदले में यूक्रेन और यूरोप दोनों को सुरक्षा गारंटी की पेशकश की जाएगी। 15 अगस्त को अमेरिका के अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक हुई। दोनों नेताओं की बैठक करीब तीन घंटे चली। बैठक के बाद मीडिया बातचीत में ट्रंप ने शिखर वार्ता को बहुत ही उपयोगी बताया था। अलास्का से वॉशिंगटन लौटने के बाद ट्रंप ने फोन पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ लंबी बातचीत की थी। सोमवार को ट्रंप और जेलेंस्की की व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। अगर ट्रंप और जेलेंस्की की मुलाकात में सबकुछ सही रहा तो 22 अगस्त को ही ट्रंप, जेलेंस्की और पुतिन के बीच संयुक्त बैठक हो सकती है।

## हमास के खिलाफ आखिरी जंग का ऐलान, गाजा में इजरायल का नया प्लान तैयार

**येरूशलम, एजेंसी।** पिछले 22 महीनों से गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर अब इजरायली भी परेशान हो गए हैं। युद्धविराम के लिए हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। उधर इजरायली सेना गाजा में नया प्लान तैयार कर रही है। वह फिलिस्तीनियों को दक्षिणी गाजा में शिफ्ट करने की योजना बना रही है जिससे कि घनी बस्ती वाले इलाकों में हमले किए जा सकें। इजरायली सेना का कहना है कि हमास के बचे-कुचे लड़ाके घनी बस्ती वाले इलाकों में छिपे हुए हैं। ऐसे में हमास को पूरी तरह खत्म करने के लिए इन इलाकों में ऑपरेशन चलाया जाएगा और आम लोगों को दक्षिणी गाजा में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

पहले भी धोखा खा चुके हैं फिलिस्तीनी

इजरायल गाजा में कई बार इस तरह के ऐलान कर चुका है। इजरायली सेना ने जब भी किसी इलाके को खाली करने का आदेश दिया तब अप्रत्याशित हमले भी किए गए। कई बार ऐसा हुआ कि लोग जहां शिफ्ट हो रहे थे, वहीं बम गिरा दिए गए। ऐसे में फिलिस्तीनियों को इजरायल पर एकदम भरोसा नहीं है। हालांकि हमले के डर से बहुत सारे लोग दक्षिणी गाजा में जाने को तैयार भी हैं।

## पूर्व पीएम वाजपेयी की पुण्यतिथि पर किया गया पौधरोपण

# एक पेड़ लगाकर अटल के बताए मार्ग पर चलने का हम संकल्प लेते हैं : मंजूषा भगत



**अंबिकापुर।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता चेतना पार्क स्थित नवनिर्मित अटल परिसर में महापौर मंजूषा भगत के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टीन्नी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष के आतिथ्य में आम, अमरूद, नीम, बरगद, कटहल, सहित फलदार व छायादार पेड़ अतिथियों व गणमान्य जनों द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत ने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उनके जैसे महान व्यक्तित्व विरले पैदा होते हैं, उनका पूरा जीवन केवल राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। अटल की याद में एक पेड़ लगाकर उनके बताये मार्ग पर चलने का हम संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने अटलजी को युगपुरुष निरूपित करते हुए उन्हें भारत देश का लोकप्रिय व सफल राजनेता बताया जिनका विपक्षी भी सम्मान करते थे। इस अवसर पर लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया तथा उनके कार्यकाल में लागू हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, अटल पेंशन योजना, स्वर्ण चतुर्भुज योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला बताया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, किरण मिश्रा, संतोष दास, जन्मेजय मिश्रा, अनिल जयसवाल, मधु चौदाहा, इंदर भगत, मनोज कंसारी, रविंद्र गुप्त भारती, निश्चल प्रताप सिंह, रमेश जयसवाल, अनिल तिवारी, ममता तिवारी, शशिकांत जयसवाल, प्रियंका गुप्ता, अनीता रविंद्र भारती, शकुंतला पांडे, देवकी त्रिपाठी, विकास गुप्ता, चंदन शुक्ला, रवि सिंह, नीलम राजवाड़े तथा प्रियंका चौबे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने 62 करोड़ रुपए के विद्युत विस्तार का किया शुभारंभ



**रामानुजगंज।** जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत कुंड पान में रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7 के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने 62 करोड़ लागत की राशि के विद्युत विस्तार कार्य के साथ ग्राम पंचायत डिंडो में 191.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुण्डपान में विद्युत विस्तार से ग्रामीणों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव लाएगी। अब बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त रोशनी मिलेगी,किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत होगी और महिलाओं को भी घरेलू कार्यों में राहत मिलेगी। मंत्री नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उत्कर्ष ग्राम योजना के तहत आदिवासी क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सड़क,पुल-पुलिया, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि कुण्डपान में हुए विद्युत विस्तार से निश्चित ही आगामी दिनों में बिजली जैसी बुनियादी सुविधा अब बाधित नहीं होगी। इस कार्य से क्षेत्र के 1077 मजरा टोला के कुल 11 हजार 762 परिवारों के घरों तक बिजली पहुंचाई जाएगी। इससे ग्रामीण अंचल के लोगों काफी राहत मिलेगी।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करके तिरंगे को दी सलामी





**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी के द्वारा जिला न्यायालय परिसर एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव विक्रम प्रताप चन्द्रा के द्वारा परिवार न्यायालय परिसर कोण्डागांव का भारत माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना करके ध्वजारोहण राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को दी सलामी। ध्वजारोहण के बाद न्यायाधीश ने समस्त न्यायाधीशगण समस्त अधिवक्तागण/ न्यायिक कर्मचारीगण को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। तथा न्यायाधीशगणों के द्वारा कहा कि यह दिन हमारे देश को स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का प्रतिक, स्वंतत्रता, समानता और बंधुता का पालन करने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतियां भी दी गई जिसमें देशभक्ति गीत और स्लोगन शामिल थे। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो कोण्डागांव यशोदा नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव रेशमा बैरागी पटेल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय तथा जिला सत्र न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण/न्यायिक कर्मचारीगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसईसीएल में हर्षोल्लास से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस







**रायपुर।** एसईसीएल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वसंत विहार खेल मैदान एसईसीएल बिलासपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर, परेड की सलामी ली। इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मुख्य परेड का निरीक्षण किया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने अपने सन्देश में कहा कि एसईसीएल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। एसईसीएल का नाम अब केवल देश में ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थापित हो चुका है। हमारी गेवरा खदान एशिया की सबसे बड़ी और वर्ल्ड की दूसरी सबसे बड़ी खदान है, जो हमारे तकनीकी प्रगति, कार्यक्षमता, संगठन क्षमता और टीम भावना का प्रमाण है। आज हम न केवल उत्पादन में अग्रणी हैं, बल्कि 'Sustainable Mining' की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। भारत की पहली कोल पीएसयू के रूप में, एसईसीएल ने 'Paste Fill Mining Technology' को अपनाने का करार किया है। कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया के यूजी विज़न के अनुरूप एसईसीएल अंडरग्राउंड उत्पादन को प्राथमिकता देते हुए अपनी खदानों में 'Mass Production Technology' को बढ़ावा दे रहा है। एसईसीएल भविष्य के कोयला प्रेषण को ध्यान में अपनी रेल कोरिडोर परियोजनाओं के माध्यम से रेल लॉजिस्टिक्स के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। 'Sustainable Development' हमारे कार्यसंचालन का प्रमुख आधार है। अपनी स्थापना से अब तक एसईसीएल ने 3 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर कोयलांचल के हरित विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसईसीएल ने जापानी मियावाकी पद्धति पर आधारित विशेष वृक्षारोपण परियोजनाएँ भी शुरू की हैं। गेवरा और रायगढ़ क्षेत्रों में इन तकनीक से कम समय में घने जंगल विकसित किए जा रहे हैं। एसईसीएल ग्रीन एनर्जी की दिशा में भी गंभीर और ठोस प्रयास कर रहा है। अब तक 40 मेगावाट से अधिक की सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है। हमने वर्ष 2030 तक 700 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य तय किया है, जिससे हम नेट पाज़िटिव एनर्जी कंपनी बन सके। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एसईसीएल ने पिछले दस वर्षों में सबसे अधिक – 807 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया हैं। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी जुलाई 2025 तक 222 लोगों को रोजगार दिया जा चुका है, और यह प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। हमारी सीएसआर योजना एसईसीएल की धड़कन कोयलांचल के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित मासूम बच्चों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस पहल के अंतर्गत अब तक छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सुदूर अंचलों से 139 से अधिक बच्चों की सफलतापूर्वक सर्जरी की जा चुकी है। 'स्थ्रष्टरु के सुश्रुत' योजना के अंतर्गत कोयलांचल के गरीब, होनहार बच्चों को हृश्वश्वज्ञ की निशुल्क आवासीय कोचिंग दी जा रही है। इस साल भी, इन बच्चों की मेहनत रंग लाई है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पशुपतिनाथ मंदिर कोड़ेनार में हुए भव्य आयोजन



**किरंदुल।** ग्राम पंचायत कोड़ेनार रिंग रोड नंबर-4 स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कृष्ण, राधा, सुदामा, नंद बाबा आदि की फैंसी ड्रेस प्रस्तुति हुई तथा बच्चियों ने सुंदर नृत्य किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। शनिवार रविवार दरमियानी रात्रि 12 बजे भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया और नंद के आनंद भयो, तीन लोक जीत लियो हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल कीज जैसे जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।पंचायत का पूरा क्षेत्र भक्ति-रस में डूब गया।

# किरंदुल तालाब के समीप मार्ग को किया जाएगा दुरुस्त, नगर पालिका अध्यक्ष ने दी निर्देश



**किरंदुल।** किरन्दुल बंगाली कैंप तालाब पारा स्थित तालाब के समीप के मार्ग को दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया हैं। इस मार्ग की स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई है, जिसके कारण विशेष रूप से बारिश के मौसम में आवागमन करने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।आगामी त्यौहारों को देखते हुए इस मार्ग का सुधार कार्य और भी महत्वपूर्ण हो जाता है,क्योंकि विश्वकर्मा पूजा, गणेश पूजा और दुर्गा पूजा जैसे प्रमुख पर्वो के दौरान इस तालाब में मूर्ति विसर्जन किया जाता है। विसर्जन के समय इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, लेकिन उबड़-खाबड़ सड़क और फिसलन के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे कई लोग घायल हो जाते हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रविवार नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने मार्ग के सुधार कार्य को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा हमारी प्राथमिकता है। इस मार्ग का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि गणेश विसर्जन और अन्य पर्वों के दौरान भक्तों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# लाल किला नई दिल्ली में 15अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में कोण्डागांव की लखपति दीदियों को विशेष आमंत्रित किया गया



**कोण्डागांव।** लखपति दीदी अभिनन्दन समारोह पूसा, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जहां छत्तीसगढ़ की दीदियों ने देशभर की चुनिंदा दीदियों के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत और अभिनंदन किया। यह समारोह स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य की तरफ से कोण्डागांव के विनय सिंह जिला मिशन मैनेजर को राज्य नोडल नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की दीदियों ने अपनी भागीदारी दर्ज की और सम्मानित हुई। विनय सिंह डीडीएम एनआरएलएम ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कोण्डागांव जिला में महिला स्व सहायता समूह में 88हजार महिलाओं का परिवार है, जिसमें 32 हजार समूह की महिला लखपति दीदी बन चुकी है। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पत्र के माध्यम से 15 अगस्त, को लाल किला, नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग किये जाने हेतु स्व-सहायता समूहों के सदस्यों (पति/सहभागी के साथ) एवं लखपति दीदीयों (पति/सहभागी के साथ) को आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य से छः दीदियों में कोण्डागांव जिला से प्रतिभाग करने वाले लखपति दीदीयों एवं स्व-सहायता समूह सदस्य मुनिका यादव एवं विनीता पटेल को बुलाया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ किया डिनर-विनय सिंह ने आगे बताया कि भारत के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मिशन की सभी दीदियों ने 14अगस्त को रात्रि भोज किया।

# मंडी प्रांगण में भारसाधक अधिकारी ने किया ध्वजारोहण



**रामानुजगंज।** कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में 79 वा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भार साधक अधिकारी रोबिनस सुधीर कुजूर ने ध्वजा रोहण कर सलामी ली और राष्ट्रीयगान गाया गया। भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात प्रांगण में बेहतर पर्यावरण की दृष्टि से विभिन्न प्रकार के अनेकों पौधा रोपण किए गए। इस अवसर पर मंडी सचिव डॉ.मालिक राम पोर्ते एवं तत्कालीन मंडी सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, व्यापारियों में कन्हैया लाल अग्रवाल, दिलीप केशरी, मोहन गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, अरविंद दुबे, अनिल गुप्ता, विगण गुप्ता मंडी कर्मचारियों में दिलीप जायसवाल, अरविंद पांडे, अरविंद विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्पिरिट बॉयज किरन्दुल के तत्वाधान में दही हांडी मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न



**किरंदुल।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर लौह नगरी किरंदुल के फुटबॉल ग्राउंड में दही हांडी मटकी फोड़ उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नगर में वर्षो से संचालित स्पिरिट बॉयज समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में पूरे नगर के सनातनी लोग एकजुट होकर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए कई दिन से स्पिरिट बॉयज आयोजन समिति के संरक्षक मंडली एवं युवाओ की एक बड़ी कमेटी जुटी रही। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर के फुटबॉल ग्राउंड ग्राउंड में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्हे गोविंदाओं को भी मटका फोड़ने का मौका मिला। जिसमे छोटे छोटे गोविंदाओं ने दही हांडी फोड़ी। बड़े गोविंदाओं के लिए भी दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे भाग लेने के लिए किरंदुल बचेली व ग्रामीण क्षेत्र के बड़े संख्या में युवाओं ने भाग लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दही हांडी फोड़कर शुकरु कैम्प विजेता बनी। टीम को दस हजार रुपए का नगद इनाम और उप विजेता टीम को सात हजार रुपये का नगद इनाम दिया गया।कार्यक्रम के दौरान पूरे मैदान में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो तीनो लोक जीत लियो जैसे अनेक जयकारे लगते रहे। कार्यक्रम समापन पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण, कार्मिक प्रमुख के एल नागवेणी, उप महाप्रबंधक कार्मिक तनवीर जावेद, सिविल प्रमुख एस के पाण्डे, श्रमिक संघ एटक के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, कार्यकारी अध्यक्ष रोशन मिश्रा, पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुण्डाधुर महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया



**कोण्डागांव।** गुण्डाधुर महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह और गौरव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला आत्राम ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और आमंत्रित अतिथियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी आज़ादी केवल तिरंगे के सम्मान में नहीं, बल्कि हर विद्यार्थी के भीतर मौजूद राष्ट्रभक्ति में जीवित है। स्वतंत्रता दिवस पर भाषण प्राचार्या डॉ. सरला आत्राम और वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. किरण नुरुटी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्रभक्ति के महत्व पर अपने विचार रखे। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियाँ देकर समां बाँध दिया, जिसमें प्रीति राय, अंजू बोस, डॉली, अंजू नेताम, प्रतिभा और खिलेश्वरी ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही एनएसएस की भूमिका वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने कहा कि एनएसएस जैसे संगठन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में प्रत्यक्ष रूप से योगदान करने का अवसर प्रदान करते हैं।

# घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए ये मूर्तियां

**जानें वास्तु के सही नियम**

घर में पूजा घर का विशेष महत्व होता है। यह एक ऐसा स्थान होता है, जहां ऊर्जा का संचार सबसे शुद्ध और सकारात्मक माना जाता है। इसलिए इसे हमेशा साफ-सुथरा और नियमों के अनुसार रखना जरूरी है। वास्तु शास्त्र में पूजा घर से जुड़े कुछ नियम बताए गए हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि घर के मंदिर में कौन सी मूर्तियां या तस्वीर रखना शुभ या अशुभ होता है। आइए जानते हैं कि पूजा घर में किस प्रकार की मूर्तियों को रखने से बचना चाहिए और किन्हें रखना



### पूजा घर से जुड़े वास्तु नियम

पूजा स्थल की पवित्रता बनाए रखना बहुत जरूरी है। यहां हर रोज साफ-सफाई करनी चाहिए और गंदगी या अव्यवस्था से बचना चाहिए। घर के मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को रखने के कुछ विशेष नियम होते हैं। मूर्तियों की संख्या सीमित होनी चाहिए और उन्हें साफ-सुथरे स्थान पर रखा जाना चाहिए।

### राधा-कृष्ण की मूर्ति



वास्तु के अनुसार पूजा घर में राधा-कृष्ण की मूर्ति साथ में रखना बहुत शुभ माना जाता है। यह प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होता है।

### विष्णु और शिवलिंग साथ में न रखें

भगवान विष्णु और शिवलिंग को एक ही स्थान पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि दोनों की पूजा विधियां अलग होती हैं।



### त्रिदेव की मूर्ति एक साथ न रखें

ब्रह्मा, विष्णु और महेश, इन तीनों की प्रतिमाएं एक साथ रखने से बचना चाहिए। यह वास्तु नियमों के अनुसार उचित नहीं माना जाता।

### हनुमान जी की मूर्ति बेडरूम में न रखें

विवाहित जोड़ों को अपने शयनकक्ष में हनुमान जी की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि वे ब्रह्मचारी हैं और उनके स्थान के लिए अलग पूजा क्षेत्र होना चाहिए।

### मृतकों की तस्वीरें न रखें

पूजा घर में दिवंगत परिजनों की तस्वीरें या मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। इससे पूजा स्थान की शुद्धता प्रभावित हो सकती है।

### उग्र देवताओं की छवियां

मां काली, शनि देव, राहु और केतु जैसे उग्र स्वभाव वाले देवताओं की तस्वीरें या मूर्तियां घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए। इनकी पूजा विशेष विधियों से अलग स्थान पर की जाती है।



### क्रोधित मुद्रा की मूर्तियां न रखें

पूजा घर में सिर्फ शांत, प्रसन्न और आशीर्वाद देती हुई मुद्रा में देवताओं की मूर्तियां रखें। संहार रूप या क्रोधित मुद्रा वाली मूर्तियां रखने से बचना चाहिए।

# चाय में कद्दूकस करके डालें अदरक

अदरक वाली चाय भला किसे पसंद नहीं होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि चाय में अदरक डालने का सही तरीका क्या है? अगर नहीं तो आइए हम आपको बताते हैं। हमारे देश में चाय सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं बल्कि इमोशन है। घर में चाहे कोई मेहमान आ जाए या दोस्तों के साथ गपशप करनी हो, मूड फ्रेश करना हो या नींद भगानी हो एक कप चाय मिल जाए तो पूरा दिन बन जाता है और सोने पर सुहागा तब होता है जब यह चाय अदरक वाली हो।



अदरक वाली चाय पीकर सिर दर्द से लेकर मूड फ्रेश हो जाता है। अक्सर देखा जाता है कि जो लोग अदरक वाली चाय बनाते हैं कई बार वह फट जाती है या फिर उसमें अदरक का स्वाद ऊपर नीचे हो जाता है, जिससे चाय अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में हम आपको बताते हैं चाय में अदरक कैसे डालनी चाहिए-

अगर आप चाय में कद्दूकस करके अदरक डालते हैं तो इससे अदरक का रस डायरेक्ट चाय में चला जाता है और इससे चाय बहुत अच्छी और कड़क बनती है। इसलिए हमेशा चाय में अदरक किसकर ही डालें।

### कूटकर अदरक डालें

जब आप किसी ओखली या बर्तन में अदरक को कूटकर चाय में मिलाते हैं तो अदरक का रस उस बर्तन या ओखली में ही रह जाता है, जिससे चाय में कम मात्रा में अदरक का रस जाता है और चाय का स्वाद इतना बेहतरीन नहीं आता है।

### चाय में कब डालें अदरक

अक्सर लोगों का सवाल है कि चाय बनाते समय दूध में अदरक डालनी चाहिए या पानी में डालकर उबालना चाहिए? पानी में सबसे पहले चाय पत्ती और चीनी डालकर उबाल लें, इसके बाद अदरक डालकर एक उबाल आने दें और फिर दूध डालकर इसे अच्छी तरह से पका लें।





हिंदू धर्म में पेड़-पौधों की पूजा की जाती है। खासतौर पर पूजा-पाठ में आम की पेड़ की लकड़ियों और पत्तियों का इस्तेमाल बेहद शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र में सभी दुख-दुविधाओं से छुटकारा पाने और सुख सौभाग्य के लिए आम के पत्तियों से जुड़े खास उपाय बताए गए हैं। इन उपायों से व्यक्ति के जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में धन-संपन्नता और खुशहाली आती है। चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में...

# आम के पत्तों के इन उपायों से बढ़ेगी सुख-समृद्धि, दूर होंगी हर बाधाएं

**आर्थिक तंगी दूर करने के उपाय:**
रुका हुआ धन वापस पाने या धन की कमी को दूर करने के लिए आम के 11 पत्तियों की डाली को 11 बार कच्चे सूत से लपेटकर शहद में डुबोकर शिवलिंग के अशोक सुंदरी की जगह पर अर्पित करें। ध्यान रखें कि शहद से डुबे हुए भाग का मुख शिवलिंग की ओर हो। मान्यता है कि इन उपायों को करने से धन की तंगी दूर होती है और घर में धन-संपन्नता बढ़ती है।

**बुरी नजर होगी दूर:**
घर के मुख्यद्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाने से घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। परिवार के किसी भी सदस्य को बुरी नजर नहीं लगती है। घर की पॉजिटिविटी से हमेशा मांगलिक कार्यों के योग बनते हैं और घर में सुख-समृद्धि के मार्ग खुलते हैं।

**धन लाभ के उपाय:**
वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा के दौरान आम के पत्तों पर बारिश का जल छिड़कने से धन की तंगी दूर होती है और धन लाभ के कई स्त्रोत बनते हैं।

**गणेश जी को चढ़ाए आम का पत्ता:**
वास्तु के अनुसार, शुभ कार्यों में गणेश जी को आम का पत्ता अर्पित करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-सुविधाओं की कभी कमी नहीं रहती है और व्यक्ति के घर में धन-समृद्धि आती है। पूजा के दौरान घर के मंदिर आम के पत्तों से सजाना भी मंगलकारी माना जाता है।

**करियर में सफलता:**
मान्यता है करियर में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए आम के पेड़ की जड़ों पर जल अर्पित करना चाहिए और आम के पेड़ को प्रणाम करें। ऐसी करने मात्र से करियर से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं और सफलता के मार्ग खुलते हैं।

# सेहत का खजाना है काली किशमिश



ड्राई फ्रूट्स में शुमार की जाने वाली मीठी किशमिश तो आपने खूब खाई होगी। लेकिन, क्या आपने कभी काली किशमिश का स्वाद चखा है। आयुर्वेद में काली किशमिश को स्वास्थ्य के लिए रामबाण कहा गया है। इसे खाने से शरीर को बहुत सारे फायदे मिलते हैं। खासकर अगर महिलाओं के स्वास्थ्य की बात करें तो काली किशमिश को खाने के साथ-साथ इसका पानी पीने से मासिक धर्म की अनियमितता और हार्मोन का असंतुल भी ठीक हो सकते हैं। जानिए औरतों के लिए काली किशमिश और उसका पानी कितना फायदेमंद है। पीली किशमिश की तरह काली किशमिश भी शरीर में खून की कमी पूरी करती है। महिलाएं अक्सर एनीमिया का शिकार होती हैं और ऐसे में काली किशमिश एनीमिया में काफी आराम देती है। काली किशमिश में ढेर सारा आयरन होता है। काली किशमिश में प्रोटीन, आयरन और ढेर सारा फाइबर होता है। इसके अलावा काली किशमिश में पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सिडेंट्स भी शरीर को कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं।

- काली किशमिश आयरन से भरपूर होने के कारण महिलाओं के शरीर में ब्लड की कमी पूरी करती है। खासकर पीरियड्स (Periods) और डिलीवरी को बाद इसका सेवन जरूर करना चाहिए। इससे शरीर में ढेर सारा आयरन जाता है और खून की कमी पूरी होती है।
- पीरियड्स के दौरान अक्सर महिलाओं के शरीर में हॉर्मोनल इम्बैलेंस हो जाता है। कुछ ऐसा ही मैनोपॉज के दौरान होता है। ऐसे में अगर रोज काली किशमिश का पानी पिया जाए तो शरीर में हार्मोन का असंतुलन सही हो जाता है।
- बॉडी को सही तरीके से डिटॉक्स करने के लिए काली किशमिश बहुत कारगर मानी जाती है।
- काली किशमिश खूबसूरती को बरकरार रखने में काफी कारगर है। दरअसल इसका पानी रोज पीने से त्वचा पर प्राकृतिक ग्लो आता है और चेहरा चमकने लगता है।
- काली किशमिश में पाया जाने वाला आयरन महिलाओं के बालों को नैचुरली हेल्दी और शाइनी बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका पानी रोज पिया जाए तो बाल उम्र से पहले सफेद होने की परेशानी भी कम होने लगती है।

# नहाने के बाद जरूर करें ये 4 काम

## जीवन में होगा धन लाभ



आर्थिक रूप से समृद्ध रहने के लिए आपको घर में वास्तु का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अघर आपके घर में वास्तु के हिसाब से चीजें नहीं हैं, तो इसकी वजह से कई दिक्कतें आ सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि घर पर सुबह के समय वास्तु के हिसाब से काम करने से पॉजिटिव एनर्जी आती हैं और इससे आपको आर्थिक लाभ भी होता है। अगर आप सुबह के समय घर पर वास्तु के हिसाब से कुछ काम नहीं करते हैं, तो इससे कई नुकसान हो सकते हैं।

अगर आप अपने जीवन से नेगेटिव एनर्जी को खत्म करना चाहते हैं और आर्थिक रूप से खुद को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सुबह नहाने के बाद घर पर ये काम जरूर करें। ऐसा करने से आपको धन लाभ होता है और जीवन में शांति बनी रहती है। घर पर नहाने के बाद वास्तु के हिसाब से काम करने से आपको कई फायदे मिलते हैं। अगर आप नहाने के बाद वास्तु के हिसाब से काम करते हैं, तो इससे आपके जीवन में धनलाभ होता है और पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। सुबह नहाने के बाद हिंदू धर्म के लोग अपने आराध्य भगवान की पूजा जरूर करते हैं। अगर आप सुबह स्नान करने के बाद ये काम करते हैं, तो आपको धन लाभ होगा और जीवन में शांति बनी रहेगी-

- सुबह स्नान करने के बाद घर में गंगाजल से छिड़काव करना बहुत शुभ माना जाता है। सुबह स्नान करने के बाद घर में गंगाजल का छिड़काव करने से घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।
- स्नान के बाद घर के मुख्य द्वार पर गंगाजल का छिड़काव करने से आर्थिक हानि नहीं होती है और सकारात्मक एनर्जी का प्रवाह होता है। डस्नान करने के बाद घर में हल्दी का छिड़काव करने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और शांति बनी रहती है। अगर आप घर में सुख और समृद्धि चाहते हैं, तो नहाने के बाद घर के मुख्य द्वार पर हल्दी के पानी का छिड़काव करना चाहिए।
- घर में सुख समृद्धि बनाए रखने के लिए सुबह स्नान करने के बाद नमक पानी का छिड़काव करना चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं रहती है और धन लाभ होता है।

# बच्चे को अनुशासन सिखाने का बेस्ट तरीका



बच्चे जब बात नहीं सुनते और कही हुई बात का बिल्कुल उल्टा काम करते हैं तो गुस्सा आना लाजिमी है। कई बार पैरेंट्स इस गुस्से में बच्चों को तेजी से डांट देते हैं या फिर मारने लगते हैं। लेकिन ये पैरेंटिग का सबसे गलत तरीका है। क्योंकि बच्चों को मारने से उनके मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है और वो कई बार एग्रेसिव हो जाते हैं या फिर दब्बू। बच्चों को डिसिप्लिन सिखाने का एक्सपर्ट का बताया ये तरीका काफी काम आ सकता है।

### कुछ समय बिताएं

बच्चे कई बार पैरेंट्स से नाराज होकर या चिढ़कर उल्टे काम करते हैं या फिर बात नहीं सुनते। इसलिए अपने बच्चों के साथ बॉडिंग जरूर बनाएं। कितना भी बिजी दिन हो कम से कम 5 मिनट तो बच्चे के लिए जरूर निकालें। जब आप बैठकर उससे बातें और करे और दिनभर की एक्टीविटी के बारे में पूछें। ऐसे में बच्चा छोटा हो या टीनएज का दोनों ही पैरेंट्स के साथ बैठना पसंद करेंगे और बात करेंगे। ध्यान रहे कि कि आप दोनों की बातों के बीच में मोबाइल, टीवी, इंटरनेट बिल्कुल भी रुकावट पैदा ना करें।

### बच्चे को डिटेल में समझाएं

बच्चे को केवल बदमाशी ना करने या फिर गंदगी ना फैलाने के लिए मना करना ठीक नही है। क्योंकि कई बार बच्चे समझ ही नहीं पाते कि उनसे पैरेंट्स चाहते क्या है। इसलिए उन्हें बिल्कुल डिटेल में और क्लियर कहें कि इस काम को ना करो या फिर इस काम को करो।


### अच्छे बिहेवियर पर तारीफ करें

बच्चे के रोने, चिल्लाने या बुरे बर्ताव पर आप फौरन रिएक्ट करते हैं। लेकिन अच्छे व्यवहार को यूं ही जाने देते हैं। इससे बच्चा वहीं करेगा जो आपका अटेंशन ले सके। बच्चा जब आपकी बात आसानी से मान रहा है और कहा हुआ सारा काम कर रहा है। तो उसके व्यवहार की तारीफ करें और इनाम दें। जिससे बच्चे को समझ आए कि मम्मी-पापा को इस तरह का काम या व्यवहार पसंद है।

### डिस्ट्रैक्ट करना आएगा काम

बच्चा जब किसी गलत चीज की डिमांड कर रहा या फिर रो रहा है तो उसे किसी क्रिएटिव चीज में इंगेज करें। माइंड डाइवर्ट करने से उसका ध्यान अपनी एक्टीविटी से हटकर दूसरे गेम या काम पर चला जाएगा।

# लहसुनी पालक



पालक एक ऐसी हरी पत्तेदार स जी है जो गुणों का खजाना है। इसे खाने से शरीर में संक्रमण का खतरा कम रहता है। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ हैं। पालक में विटामिन के, मैग्निशियम, कैलशियम, आयरन और फास्फोरस पाया जाता है। इस वजह से लोग ज्यादा से ज्यादा पालक का सेवन करते हैं। हालांकि कई बार एक ही तरह के डिश खा कर लोग बोर हो जाते हैं। तो क्यों ना पालक की नई किस्म की डिश बनाई जाए...

**आवश्यक सामग्री**
पालक 200 ग्राम, मेथी 30 ग्राम, एक छोटा चम्मच हींग, चार चम्मच तेल, एक से दो बारीक कटी हुई प्याज दो चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, तीन चम्मच बेसन दो चम्मच धनिया पाउडर, एक चम्मच जीरा पाउडर, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच हल्दी पाउडर, एक बारीक कटा हुआ टमाटर, आधा कप दही गरम मसाला, स्वादानुसार नमक

**बनाने की विधि**
लहसुनी पालक बनाने के लिए सबसे पहले पैन में पानी गर्म करें, अब पालक और मेथी को धोकर पानी में उबालने के लिए रख दें।
अच्छी तरह से उबलने के बाद पालक और मेथी को बर्फ के पानी में डालकर ठंडा कर लें।
अब इसे छानकर मिक्सर में ग्राइंड कर लें,
अब कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए चढ़ाएं।
जब तेल गरम हो जाए तो इसमें हींग डालें, फिर प्याज और अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें।
प्याज ब्राउन होने के बाद कड़ाही में बेसन मिक्स कर दें।
अब इसमें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और जीरा पाउडर मिलाएं।
1 से 2 मिनट तक भूनने के बाद पैन में टमाटर डाले और हल्का सॉफ्ट होने के बाद इसमें पालक की प्यूरी ऐड कर दें।
अब इसमें गरम मसाला दही और नमक मिक्स करें,कुछ देर तक पकने के लिए इसे छोड़ दें,
अब तड़का तैयार करने के लिए दूसरे पैन में तेल गर्म करें।
इसमें जीरा, बारी कटे हुए लहसुन और कश्मीरी लाल मिर्च डालकर भूनें।
फिर इस मिक्सचर को पालक की सब्जी में डालकर चला दें।
तैयार हैं आपकी लहसुन पालक की सब्जी, इसे रोटी या चावल के साथ गरमागरम सर्व करें।

# डैंड्रफ खत्म करने का आसान तरीका



बालों में डैंड्रफ और सिर में पपड़ी जैसी समस्याएं होना आम हैं, लेकिन ये किसी भी इंसान को परेशान करने के लिए काफी हैं। इससे निजात पाने के लिए लोग कई तरह के उपाय करते हैं। ऐसा करने से कई बार उनकी समस्या खत्म भी हो जाती है तो कई बार नहीं भी। ऐसे लोगों के लिए पूजा-आरती में काम आने वाली कपूर की टिकिया ज्यादा असरदार हो सकती है। इसको लगाने से बालों में डैंड्रफ और सिर में पपड़ी ही नहीं, बल्कि स्कैल्प इंफेक्शन भी दूर होता है। बता दें कि, कपूर एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल होने के कारण ये बालों में इलास्टीन और कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है, जिससे बालों का टैक्सचर सही रहता है। आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल का सही तरीका।



### कपूर के साथ नारियल तेल का करें इस्तेमाल

कपूर के साथ नारियल का तेल खुजली दूर करने में बेहद असरदार माना जाता है। यदि आपको खुजली या फंगस की दिक्कत है तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नारियल तेल को गर्म करें और उसमें थोड़ा सा कपूर पाउडर घोलें। इसके बाद इसको अपने स्कैल्प पर लगा लें। इसे 1 घंटा लगा रहने के बाद शैम्पू से धो लें। ऐसा करने से खुजली भी शांत होगी और फंगस पैदा करने वाले रूसी से भी दूरी होगी।
यदि आप डैंड्रफ से परेशान हैं तो कपूर के साथ नीम का इस्तेमाल अधिक फायदेमंद होगा। इसके लिए कपूर और नीम की पत्तियों को पीस लेंगे। अब इसे अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएंगे। करीब 30-40 मिनट लगा रहने के बाद इसे अच्छी तरह से धो लें। ऐसा करने से बालों की स्कैल्प साफ होगी। साथ ही डैंड्रफ और खुजली को समस्या भी दूर होगी।

### कपूर, रीठा व दही का करें इस्तेमाल

कपूर, रीठा और दही का मिश्रण सेहत के लिए फायदेमंद होता है। बता दें कि, रीठा बालों को हेल्दी रखता है और कपूर एंटीबैक्टीरियल होने से स्कैल्प की समस्या से राहत दिलाता है। इसके अलावा दही को लगाने से खुजली से आराम मिलता है। इसको लगाने के लिए रीठे को उबालकर इसमें दही और कपूर पीस कर मिला लें। इसको लगाने के करीब 30 मिनट बाद शैंपू किया जा सकता है।

### कपूर के साथ नींबू का करें इस्तेमाल

कपूर के साथ नींबू का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ से निजात मिलती है। इसके लिए एक नींबू का पीस लें और इसमें कपूर को मिलाकर इसे स्कैल्प और बालों में लगा लें। इसको करीब 30 मिनट तक लगाने के बाद शैंपू कर लें। ऐसा करने से डैंड्रफ की समस्या खत्म होती है।

# महापौर ने मुख्यमंत्री का स्वतंत्रता दिवस संदेश किया वाचन

## देशभक्ति के जोश और उल्लास में मना 79वां स्वतंत्रता दिवस



**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नज़र आया। चारों ओर तिरंगे की शान, देशभक्ति के गीत और उल्लास से भरा वातावरण था। 79वां स्वतंत्रता दिवस यहां बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय ढंग से मनाया गया। नगर निगम परिसर में सुबह 8 बजे मुख्य अतिथि महापौर मती अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल मंच पर पहुंचे। राष्ट्रगान की गूंज और भारत माता की जय के नारों के बीच महापौर ने ध्वजारोहण किया। तिरंगे के लहराते ही उपस्थित सभी ने सलामी दी और आसमान में गूंजते देशभक्ति के जयकारों ने माहौल को और ऊर्जावान बना दिया। इसके बाद महापौर बाघमार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश में आज़ादी के महत्व, लोकतंत्र की मजबूती और विकास की दिशा में सभी की भागीदारी का आह्वान किया गया।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान**

समारोह का एक विशेष आकर्षण था निगम के विभिन्न विभागों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान। महापौर, सभापति और आयुक्त ने एक-एक कर कर्मचारियों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र और शुभकामनाएं दीं। यह सम्मान केवल उनके व्यक्ति गत योगदान का नहीं, बल्कि नगर निगम की कार्य संस्कृति और टीम भावना का प्रतीक था।

**अतिथियों का प्रेरणादायक संदेश**

महापौर अलका बाघमार ने कहा- स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि यह हमें उन बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी वजह से हम आज़ाद भारत में सांस ले रहे हैं। हमें मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए काम करना होगा। नगर निगम परिवार का हर सदस्य इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आगे भी निभाता रहेगा।

**सभापति श्याम शर्मा ने कहा**

यह दिन हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। देश के निर्माण में ईमानदारी और सेवा भाव से किया गया हर छोटा प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकता है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सभी के लिए प्रेरणा हैं।

**आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा**

शहर की बेहतरी के लिए हमारी पूरी टीम लगातार कार्यरत है। जिन कर्मचारियों को आज सम्मानित किया गया है, वे हमारे लिए आदर्श हैं। हम सभी को इसी समर्पण और मेहनत से आगे बढ़ना है।

**अधिकारी-कर्मचारी और नागरिकों की उपस्थिति**

कार्यक्रम में उपायुक्त मोहेंद्र साहू,दिनेश नेताम, आर.के. जैन, गिरीश दिवान, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, विकास दमाहे, अपर्णा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। समारोह के अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और तिरंगे की शान बनाए रखने का संकल्प लिया।

# उत्कल घासी घसिया समाज ने चरौदा में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

## मुख्य अतिथि बाबूलाल नायक ने किया ध्वजारोहण, देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा समारोह



**भिलाई-चरौदा।** आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कल घासी घसिया समाज द्वारा चरौदा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी बाबूलाल नायक रहे, जिन्होंने राष्ट्रध्वज फहराकर कायक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण के साथ ही 'जन गण मन' की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। राष्ट्रध्वज को दी सलामी, शहीदों को किया नमन-ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि बाबूलाल नायक और उपस्थित गणमान्य लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि ने कहा– स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों के त्याग और बलिदान को याद करने का दिन है। हमें उनके सपनों का भारत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा।

**समाज की एकता और शिक्षा पर दिया जोर**-अपने उद्बोधन में बाबूलाल नायक ने घासी घसिया समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। साथ ही, महिलाओं की भागीदारी को भी समाज के विकास का अहम स्तंभ बताया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां**-ध्वजारोहण के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह की रौनक बढ़ा दी। समाज के युवाओं और बच्चों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और नृत्य प्रस्तुतियों के जरिए देश के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। 'ऐ वतन, तेरे लिए' और 'वंदे मातरम' जैसे गीतों पर दर्शक झूम उठे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की रही विशेष भूमिका-कार्यक्रम की सफलता में समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस पर समाज को संदेश-कार्यक्रम के अंत में बाबूलाल नायक ने सभी को आपसी एकता बनाए रखने और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह सीख देता है कि जब हम मिलकर कार्य करते हैं, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। देशभक्ति के नारों के साथ हुआ समापनअंत में उपस्थित जनों ने मिलकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लस व गरिमा के साथ मनाया गया, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

■ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित





**दुर्ग।** दुर्ग जिले की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप 79वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास वातावरण में पूरी गरिमा के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन प्रथम बटालियन ग्राउंड भिलाई में किया गया, जहां प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम दिये संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने समारोह में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं शहीद जवानों के परिजनों को शॉल व फल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की अत्यंत मनमोहक और आकर्षक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया।

उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समारोह स्थल प्रथम बटालियन दुर्ग पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के उपरान्त उन्होंने कलेक्टर अभिजीत सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा समारोह में सम्मिलित सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। समारोह में परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया और राष्ट्रपति की जय-जयकार की गई। उत्साह व उमंग के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाये गये। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। तथा परेड में शामिल प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया।

# नेहरू भवन सुपेला रोड में दही हांडी फोड़ने कार्यक्रम आयोजित किया गया





**भिलाई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन नेहरू भवन सुपेला रोड में दही हांडी फोड़ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से उत्साह पूर्वक इसका आयोजन किया जाता रहा है इस वर्ष भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला दही हांडी फोड़ने के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन उपस्थित हुए। वहीं शहर के समाज सेवी और भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। दही हांडी फोड़ने नेहरू भवन रोड में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए युवक शामिल हुए। सभी ने अपने दमखम का परिचय दही हांडी फोड़ने को लेकर दिया। आयुष्कोण द्वारा कार्यक्रम को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की गई थी। विधायक रिकेश सेन ने सभी शहर वासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन को लेकर समिति सदस्यों की सराहना की।

# स्मृति नगर थाना क्षेत्र में पांच माह का भ्रूण मिला



**भिलाई।** भिलाई में स्मृति नगर थाना क्षेत्र में पांच माह का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यह भ्रूण मॉडल टाउन आदर्श नगर में किराए में रहने वाले लोगों के कॉमन वॉश रूम में मिला। सिवरेज का पानी जाम होने के बाद सुबह एक किराएदार ने देखा तो पूलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। यहां रहने वाले किराएदार ने वॉशरूम में भ्रूण देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस व फोरेंसिक टीम पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लिया। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि किसने गर्भपात कराया और भ्रूण को यहां छोड़ दिया। जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी मिली तो भीड़ लग गई। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाली एक महिला ने एक युवती को ठहराया था और वह फरार है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अध्यक्ष सरस्वती बंजारे व सीईओ दुबे द्वारा जिला पंचायत कार्यालय में किया ध्वजारोहण



**दुर्ग।** स्वतंत्रता दिवस के 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला पंचायत में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे व जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान गया गया। अध्यक्ष मती बंजारे ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए सभी नागरिकों से एकजुट होकर जिले की प्रगति में सहयोग देने का आव्हान किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने कहा कि आज के दिन का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। इस दिन की याद आते ही शहीदों के प्रति श्रद्धा से मस्तक अपने आप झुक जाते हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अभियान के परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है।

# तिरंगे की शान और योग की पहचान : परसदा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस





**कुम्हारी/पाटन।** देशभक्ति के गीतों, तिरंगे की लहराती पताकाओं और बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच शासकीय हाई स्कूल परसदा में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों पर सुबह से ही राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जबकि मुख्य समारोह हाई स्कूल प्रांगण में हुआ। योग आयोग के अध्यक्ष बने समारोह के मुख्य अतिथि-कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा रहे। उनके साथ शाला विकास समिति के अध्यक्ष होमेंद्र साहू, वार्ड पार्षद डिकेंद साहू, युजेंद्र साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष भुजबल साहू, सोनसाय पंथ, कवि लाल साहू, रतन साहू और पुणेंद्र पंथ भी उपस्थित थे। रूपनारायण सिन्हा का प्रेरक संदेश-रूपनारायण सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा –देश योग के माध्यम से निरोग की ओर बढ़ रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने शाला विकास समिति की अहाता निर्माण की मांग पर सकारात्मक रुख जताया और हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया। सिन्हा ने कहा कि परसदा ग्रामवासियों का स्नेह और आशीर्वाद पाकर वे अभिभूत हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम और योगाभ्यास-समारोह में बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही विद्यार्थियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन और योग के महत्व पर संदेश दिया। अभूतपूर्व सहभागिता-तीनों स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की भारी उपस्थिति ने कायक्रम को और खास बना दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहित शर्मा ने सुचारू रूप से किया।

# बालाजी विद्यापीठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल सांकरा में थाना प्रभारी ने किया ध्वजारोहण







**अमलेश्वर।** बालाजी विद्यापीठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल सांकरा में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमलेश्वर थाना प्रभारी राम नारायण ध्रुव थे जिन्होंने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रगान और भारत माता की जय घोष के साथ गूंजायमान होने लगा छोटे-छोटे बच्चों का उत्साह देखकर बहुत ही हर्ष और आनंद की अनुभूति हो रही थी। मुख्य अतिथि रामनारायण ध्रुव ने अपने भाषण में नन्हे नन्हे बच्चों को देश प्रेम अनुशासन एवं समाज में फैली हुई बुराइयों से बचने का संदेश दिया इस अवसर पर संस्था के संचालक दीपक तिवारी ने बच्चों के उत्साहर्धन के लिए प्रेरणादायक बातें बताई जिससे आम नागरिक भी अपना महत्व देश प्रेम के लिए प्रेरित किया संस्था के उपसंचालक प्रकाश चंद्र देवांगन कायक्रम में अपने बचपन की यादों को बच्चों के साथ साझा किया और अपने स्कूल के दिनो पर गर्व महसूस किया संस्था की प्रधान पाठिका अर्चना तिवारी ने अपने संबोधन में कहा बच्चे ही समाज और देश का निर्माण करते हैं और उनका भविष्य देश की भविष्य से जुड़ा हुआ है इन्हीं संकल्पना को आगे बढ़ते हुए अपने विद्यालय की कल्पना की जो आज मूर्त रूप में सांकरा में विद्यमान है। प्रधान पाठिका ने आए हुए अतिथि का शाला परिवार की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शन किया इस अवसर पर विद्यालय की नन्हे नन्हे बच्चे एवं उनके पालक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे इस अवसर पर संस्था के मीडिया प्रभारी अनमोल तिवारी एवं शिक्षक गण भी उपस्थित थे कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी आए हुए पालक गण एवं बच्चों को मिठाई वितरण किया गया।

# मुख्यमंत्री ने दी भिलाई भाजपा को नए कार्यालय की दी सौगात

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं किया भूमि पूजन

### आगामी नगरी निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील

### मुख्यमंत्री का स्वागत करने भाजपा कार्यकर्ताओं में लगी रही होड़



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी का नवीन जिला भाजपा कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर सुपेला भिलाई में लोकार्पण किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्रीअरुण साव ने की। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, अहिवारा विधायक डोमन लाल कुरसेवाडा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। भाजपा कार्यालय पहुंचते ही भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कार्यालय परिसर का अवलोकन किया। श्री विष्णु देव साय ने कहा कि, भिलाई शहर में नवीन जिला भाजपा कार्यालय का बनना बहुत बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है, भिलाई शहर वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं यह नवीन भाजपा कार्यालय पूरी भिलाई जिला वासियों के लिए एक सौगात है जिसमें भारतीय जनता पार्टी को आने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर सक्रिय होने की अपील भी किये ! वहीं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे ने नवीन भाजपा कार्यालय को एक ऊर्जा का स्रोत बताया! इसी प्रकार नगर निगम भिलाई में करोड़ों रुपए का लोकार्पण एवं भूमि पूजन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय द्वारा किया गया !

# क्रिसेंट पब्लिक स्कूल आजादी का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**भिलाई।** क्रिसेंट पब्लिक स्कूल फरीदनगर के प्रांगण में आजादी का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से दिलीप शर्मा, मधु मैडम ,अजहर अली एडवोकेट, अजमत अली एडवोकेट अतिथि के रूप में शामिल हुए। एवं डायरेक्टर कौशर जहां मैडम भी विशेष रूप से शामिल रही। प्रिंसिपल रूबी मैडम और सभी टीचर्स छात्र-छात्राएं एवं पालक गण शाला प्रांगण में ध्वजारोहण के समय उपस्थित होकर राष्ट्रगान गाया। दिलीप शर्मा एवं अजहर अली एडवोकेट ने बच्चों को संबोधित करते हुए आजादी के संबंध में जानकारी दी एवं अपने विचार रखें और आजादी के महत्व को समझाया और कहा कि आजादी हमें बहुत ही कुर्बानी देने के बाद और एकता के कारण प्राप्त हुई है इसे विदेशी ताकतों से और देश में फैल रही नफ़रत से बचाना है और मानसिक गुलामी से भी खुद को बचा कर रखना है।इल्म हासिल करना है ताकि अच्छे बुरे का फर्क समझा जा सके और देश के विकास में सहयोग किया जा सके। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल आगंतुको ,मेहमानों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया और सभी मेहमानों और छात्र-छात्राओं को मिठाइयां बांटी गई साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम शाला के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने प्रस्तुत किया । जिसे अतिथिगण व पालक गण ने बहुत पसंद किया और स्कूल की सराहना की और सभी ने एक दूसरे को आजादी दिवस की मुबारकबाद पेश की।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com